Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 335 | सोमवार, 08 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## यूनेस्को के आइसीएच सत्र में पीएम मोदी का संदेश

# 'अमूर्त विरासत को बचाना मानवता की सांस्कृतिक विविधता की रक्षा'

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना दुनिया की सांस्कृतिक विविधता को बचाने जैसा है, क्योंकि यह समाजों की नैतिक और भावनात्मक स्मृतियों को अपने भीतर समेटे रखती है। लाल किला परिसर में रविवार को शुरू हुए यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आइसीएच) की 20वीं अंतर-सरकारी समिति के उद्घाटन समारोह में उनका लिखित संदेश पढ़ा गया। पहली बार भारत कर रहा यूनेस्को के सत्र की मेजबानी भारत पहली बार यूनेस्को के इस प्रमुख सत्र की मेजबानी कर रहा है। प्रधानमंत्री का संदेश संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर मुख्य



अतिथि विदेश मंत्री एस. जयशंकर, संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और यूनेस्को के महानिदेशक खालिद एल-एनानी भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने यूनेस्को की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि संगठन ने अमूर्त विरासत को संरक्षित करने के लिए वैश्विक ढांचा तैयार करने में परिवर्तनकारी योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि हम प्राचीन धरोहर और आधुनिक आकांक्षाओं के बीच

### 'संस्कृति की सबसे लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति है अमूर्त विरासत'

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि परंपराएं, भाषाएं, संगीत, शिल्पकला और अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के अन्य स्वरूप मानव संस्कृति की सबसे लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति हैं, जो सभी की साझा संपत्ति हैं और सभी द्वारा संरक्षित की जाती हैं।

सेतु हैं और यही संतुलन भविष्य की सांस्कृतिक सुरक्षा का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि सभ्यता की यात्रा यह समझ कर आगे बढ़ी है कि संस्कृति केवल स्मारकों या पांडुलिपियों में नहीं बसती, बल्कि त्योहारों, अनुष्ठानों, कलाओं और हस्तशिल्प जैसी रोजमर्रा की अभिव्यक्तियों में पनपती है। अमूर्त विरासत वही धरोहर है जो पहचान को आकार देती है, समाज में सद्भाव बढ़ाती है और पीढ़ियों के बीच निरंतरता बनाए रखती है। बता दें कि आठ से 13 दिसंबर तक चलनेवाले सत्र के दौरान विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधि अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में नामांकन पर विचार करेंगे, मौजूदा प्रविष्टियों की स्थिति की समीक्षा करेंगे और संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सहायता पर निर्णय लेंगे।

## 'बिग बॉस 19' के विनर का एलान, गौरव खन्ना के खाते में आई ट्रॉफी



**नई दिल्ली।**

'बिग बॉस 19' के विनर का एलान हो गया है। गौरव खन्ना ने शो जीता है। फरहाना और गौरव खन्ना शो के टॉप 2 प्रतिभागी थे। लाइव वोटिंग में गौरव ने बाजी मारी और ट्रॉफी अपने नाम की। फरहाना भट्ट शो में दूसरे नंबर पर रहीं। 'बिग बॉस 19' का सफर समाप्त हो गया है। इसी के साथ विनर का एलान भी हो चुका है। गौरव खन्ना इस सीजन के विजेता बने हैं। फरहाना भट्ट को मात देते हुए गौरव खन्ना ने शो की चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। सलमान खान ने फिनाले में विजेता के तौर पर गौरव खन्ना के नाम का एलान किया। गौरव खन्ना इस शो में शुरूआत से मजबूत दावेदर रहे हैं। उन्होंने टास्क जीतकर टिकट टू फिनाले जीता था। टॉप 5 में उनकी जगह पहले ही पक्की हो गई थी। फिर टॉप 2 में पहुंचे, जहां उनका मुकाबला फरहाना भट्ट से रहा। इसके बाद बतौर विनर उनके नाम का एलान हुआ है। गौरव को ट्रॉफी के अलावा 50 लाख रुपये धनराशि इनाम में मिली है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने 24 घंटे ट्रैफिक सिग्नल चालू रखने की मांग को ट्रैफिक कमेटी को भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की विभिन्न कालोनियों में ट्रैफिक सिंग्नल को 24 घंटे चालू रखने का निर्देश देने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका को प्रतिवेदन के तौर पर लेकर विचार करने का दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली की ट्रैफिक कमेटी को निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय व न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने उक्त निर्देश देते हुए संबंधित जनहित याचिका का निपटारा कर दिया। अदालत ने यह भी कहा कि उक्त प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उचित कार्यवाही की जाए। पीठ ने याचिकाकर्ता को उक्त कमेटी के सामने एक विस्तृत प्रतिवेदन व दस्तावेज उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। याचिका के अनुसार देर रात डिलीवरी करने वालों की संख्या बढ़ जाती है और इस दौरान सिग्नल के ब्लिंकर मोड पर होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। याचिकाकर्ता व अधिवक्ता नेहल तनेजा ने याचिका में यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश की भी मांग की कि दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर ट्रैफिक सिग्नल चौबीसों घंटे काम करते रहें।

## शांति वार्ता के बीच रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला

**नई दिल्ली।** यूक्रेन पर रूस के ड्रोन और मिसाइल हमले जारी हैं। रविवार को इन हमलों में चर्निहीव इलाके में एक आदमी की मौत हो गई और कई घायल हो गए। क्रेमेनचुक शहर पर रूस के हवाई हमले में ऊर्जा और जल सुविधाओं को नुकसान हुआ है। इसके अतिरिक्त रूसी सेना ने यूक्रेन की परिवहन सुविधाओं, ईंधन और ऊर्जा से संबंधित ठिकानों को भी निशाना बनाया। रूस ने यूक्रेन के खार्कीव इलाके के दो और गांवों पर कब्जा करने का दावा किया है। इस बीच युद्ध खत्म कराने के लिए वार्ता भी जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि शांति स्थापित होने में सिर्फ 10 मीटर का सफर बचा है। जबकि रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने कहा है कि वह अमेरिकी शांति योजना में व्यापक बदलाव चाहता है। इन बदलावों के बारे में अमेरिकी प्रतिनिधियों को बता दिया गया है। यूक्रेन ने कहा है कि रूस जान-बूझकर ऊर्जा ठिकानों और जल सुविधाओं को निशाना बना रहा है। इससे वह आमजनों को परेशान करना चाहता है।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।**

जनजातीय समुदाय को एक और तोहफा देते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट सोहराय पर्व पर भी दो दिनों के अवकाश को लेकर निर्णय हो सकता है। इसके पूर्व सरहुल और करम पर्व पर भी दो दिवसीय अवकाश की घोषणा इसी सरकार के कार्यकाल में हुई है।

इसके साथ ही सोमवार को कैबिनेट की बैठक में पेसा एक्ट को लेकर भी प्रस्ताव पेश हो सकता है। एक दर्जन से अधिक अन्य प्रस्तावों पर भी कैबिनेट विचार करेगी। राज्य कैबिनेट की बैठक में सोमवार को एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों पर चर्चा होगी। इन प्रस्तावों में सबसे महत्वपूर्ण सोहराय पर्व पर दो दिनों के अवकाश को स्वीकृत करने से




संबंधित प्रस्ताव है। राज्य सरकार इसके पूर्व भी सरहुल और करम पर्व पर दो दिवसीय अवकाश की घोषणा कर चुकी है। जनजातीय समुदाय के लिए ये पर्व अत्यधिक महत्वपूर्ण है। दूसरी ओर, झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2001 के तहत पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम 1996, पेसा एक्ट को लेकर भी नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी मिल सकती है।

## लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा आज, तीखी तकरार के आसार, पीएम मोदी लेगें हिस्सा

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस पर संसद में विशेष चर्चा रविवार से होनी है। लोकसभा में दस घंटे की चर्चा होगी जिसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे और संभवतः समापन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे।

इसके लिए विपक्ष की भी सहमति होने से विरोध या हंगामे का प्रत्यक्ष कारण तो कोई नहीं है, लेकिन चर्चा में दोनों ही ओर से ऐसे बयान या शब्द सामने आ सकते हैं, जो शीतकालीन सत्र का पारा एक बार फिर चढ़ा दें। विशेष तौर पर प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रगीत को खंडित किए जाने के ऐतिहासिक तथ्य को दोहरा सकते हैं, जो विपक्ष को असहज और




उद्वेलित कर सकता है। इसी तरह विपक्ष की ओर से कुछ सांसदों के तीखे बोल सामने आने की आशंका है, क्योंकि राष्ट्रगीत के गायन को लेकर अक्सर विवाद सामने आता भी रहा है। माना जा रहा है कि इस चर्चा में कई अनजान तथ्य सामने आ सकते हैं। ध्यान रहे कि प्रधानमंत्री ने कुछ दिनों पहले इतिहास के पन्नो का हवाला देते हुए कहा था कि 1937 के कांग्रेस सम्मेलन में वंदे मातरम से भी छेड़छाड़ की गई थी और विभाजन के बीज बोए गए थे। उन्होंने कहा था, ₹1937 में वंदे मातरम की आत्मा, इसके महत्वपूर्ण पद्य को अलग कर दिया गया। यह गीत खंडित हो गया।

## तमिलनाडु से भेजा सात आरडीएक्स बम की धमकी वाला ईमेल

**नई दिल्ली।**

आयुध निमार्णी नालन्दा को तमिलनाडु से भेजे गए कथित धमकी भरे ईमेल ने सुरक्षा एजेंसियों को उच्च सतर्कता पर पहुंचा दिया है। ईमेल में कुछ संगठनों के नाम लेते हुए आयुध फैक्ट्री और ऑफिस में सात ताकतवर आरडीएक्स बम रखने व विस्फोटक करने का दावा किया गया था। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि संदेश में प्रयुक्त भाषा भड़काऊ व गंभीर है। इस पर केंद्रीय और राज्य स्तर की जांच एजेंसियां, रक्षा मंत्रालय और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से कार्य कर रही हैं। मामले की गहन जांच का दायित्व साइबर सेल को दिया गया है। धमकी ईमेल में पाकिस्तान आईएसआई और तामिलनाडु डीएमके का जिक्र किया गया है। उसमें चेन्नई के एक धार्मिक स्थल से जुड़े विवाद का भी उल्लेख किया गया है।




इसको लेकर भावनाएं भड़काने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि पत्र में कई गैर-कानूनी संगठनों के नाम जोड़ते हुए संवेदनशील टिप्पणी की गई है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में 'दहशत फैलाने की साजिश' और 'साम्प्रदायिक तनाव बढ़ाने का प्रयास' माना है। इस तरह की धमकी आयुध निमार्णी प्रबंधन को एक बार पहले भी दी जा चुकी है। सूत्रों के अनुसार ईमेल मिलने के बाद आयुध निमार्णी प्रबंधन ने परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने फैक्ट्री में तलाशी अभियान चलाया है। अबतक किसी प्रकार के विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकारियों ने कहा कि कर्मियों और जनमानस की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी अफवाह को फैलने से रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाई गई है। नालंदा पुलिस ने इस मामले को साइबर सेल, इंटेलिजेंस विंग और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों से साझा किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे संदेश अक्सर सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने के उद्देश्य से भेजे जाते हैं।

## यूपीःअमौसी एयरपोर्ट पर फ्लाइट के इंतजार में बैठे यात्री की तबीयत बिगड़ने से मौत

**लखनऊ।**

लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर फ्लाइट के इंतजार में बैठे कानपुर के अनूप पांडेय की तबियत अचानक बिगड़ गई। बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। अमौसी एयरपोर्ट पर फ्लाइट के इंतजार में बैठे कानपुर निवासी अनूप पांडेय की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह निजी कंपनी में फाइनेंस एग्जीक्यूटिव थे। फ्लाइटें निरस्त होने के कारण उनकी पत्नी व बच्चे बंगलूरू से टैक्सी के जरिये कानपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पुलिस चौकी के अनुसार, घटना शुक्रवार देर रात की है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात अमौसी एयरपोर्ट पर कोकाकोला कंपनी में कार्यरत फाइनेंस एग्जीक्यूटिव अनूप पांडेय (46) की तबीयत बिगड़ गई थी। भाई अनिल ने बताया कि अनूप कानपुर के कल्याणपुर के रहने वाले थे। वह पत्नी पूजा और बेटा-बेटी के साथ बंगलूरू में रहते थे। एक रिश्तेदार की तेरहवीं में शामिल होने के लिए पांच दिन पहले कानपुर आए थे। शुक्रवार रात वाया दिल्ली उनकी बंगलूरू के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट थी। लगातार फ्लाइट रद्द होने से वह घबराए हुए थे। आरोप है कि घटना के बाद जब परिजनों ने एयरपोर्ट अधिकारियों से सीसीटीवी फुटेज व जानकारी मांगी तो कोई सहयोग नहीं किया गया। विमानों का निरस्तीकरण पांचवें दिन भी बरकरार रहा। कुछ विमानों का संचालन हुआ। पर रविवार को लखनऊ आने-जाने वाली 33 उड़ानें निरस्त रहीं तथा दिल्ली से आने वाली फ्लाइट कोलकाता डायवर्ट कर दी गई, जिससे यात्रियों की समस्याएं जमीन पर नहीं उतर पा रही हैं। उनकी परेशानियां बनी हुई हैं। 740 टिकट यात्रियों ने कैंसिल करवाए। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमानों का संचालन पिछले कई दिनों से बाधित चल रहा है।



**33 उड़ाने रविवार को हुईं रद्द**

कड़ाके की सर्दी के बीच कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

## उत्तर भारत में ठंड का कहर, कश्मीर में -4 डिग्री पहुंचा तापमान



**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में इस समय कड़ाके की ठंड का सितम जारी है। देश के अधिकांश हिस्सों में पारा लगातार गिर रहा है। जहां पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है, तो दूसरी ओर मैदानी इलाकों में लगातार तापमान में कमी देखने को मिल रही है।

इन सब के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज यानी सोमवार को देश के कई हिस्सों में शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, उत्तर भारत के 10 से अधिक शहरों में आज से घने कोहरे की शुरूआत होने जा रही है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने को कहा है। आइए आपको बताते हैं देश के अलग-अलग राज्यों में आज मौसम कैसा रहेगा? भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस सप्ताह लोगों को लोगों को शीतलहर का सामना करना पड़ेगा। बढ़ते प्रदूषण के बीच मौसम विभाग ने दिल्लीवासियों के लिए एक नई टेंशन दी है। आईएमडी के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। दिल्ली एवं आसपास के सटे इलाकों में तापमान में कमी देखने को मिलेगी। उत्तर प्रदेश के करीब सभी जिलों में तापमान में कमी देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, 10,11 और 12 दिसंबर को यूपी में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। तापमान में लगाता कमी देखने को मिलेगी।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज तापमान में तेजी से गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश के तमाम हिस्सों में दिन के समय धूप खिलने से मौसम सुहाना रहेगा; सुबह और शाम को तापमान में कमी देखने को मिलेगी।

## संपादक की कलम से


# इंडिगो का बंधक देश

क कैसा देश है यह? इसकी सरकार और व्यवस्था कैसी है? क्या एक विमानन कंपनी की मनमर्जी के सामने सरकार घुटने टेक सकती है और आम यात्री बंधक बनाया जा सकता है? विमानन कंपनी इंडिगो की 800 से ज्यादा उड़ानें शनिवार को भी रद्द की गईं। प्रधानमंत्री दफ्तर ने कंपनी के सीईओ से बात की और चेतावनी दी। नागरिक विमानन मंत्रालय ने इंडिगो के आला अधिकारियों के साथ बैठक की और नोटिस जारी किया कि रविवार, 7 दिसंबर, की रात 8 बजे तक प्रभावित यात्रियों को उनका किराया रिफंड सुनिश्चित किया जाए। हम देखेंगे कि इस अल्टीमेटम का क्या असर हुआ? संसदीय समिति भी गुस्से में थी। उसने मंत्रालय, डीजीसीए और इंडिगो के अधिकारियों को तलब किया। क्या हुआ? ये तमाम सक्रियताएं तब सामने आईं, जब बीते 4 दिनों में इंडिगो ने 2694 फ्लाइट रद्द की थीं, नतीजतन 4 लाख 83,600 से अधिक यात्री बेहाल, परेशान और हलकान हुए थे। यह कैसा तमाशा था? कोई हवाई अड्डे पर ही पसर गया, किसी को खाने-पीने का सामान नहीं मिला, किसी का सामान कहीं का कहीं चला गया। घोर अनिश्चितता, अराजकता! फिर भी इंडिगो को दंडित नहीं किया गया। आखिर क्यों? सरकार बेबस क्यों दिख रही है? लोकतंत्र में सरकार ही जवाबदेह है, क्योंकि देश ने उसे चुना है। इंडिगो पर कम से कम 500 करोड़ रुपए का जुमार्ना थोपना चाहिए था और वह राशि प्रभावित यात्रियों के खातों में जमा कराई जानी चाहिए थी। विमानन कंपनियां देश में मुनाफाखोरी के लिए ही नहीं हैं। वे हवाई सेवा प्रदान करने के लिए हैं और सरकार ने उन सेवाओं के किराए तय कर रखे हैं। यह कौन-सी कालाबाजारी है कि इंडिगो की उड़ानें रद्द हुईं और अन्य एयरलाइंस ने कई गुना किराए बढ़ा दिए? कोई सरकार, मंत्रालय, अंकुश, कायदे-कानून इस देश में हैं अथवा नहीं? इंडिगो ने 2024-25 में 7258 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है, तो इस देश के यात्रियों से ही कमाया है। फिर वही विमानन एयरलाइन देश के यात्रियों को ही बंधक कैसे बना सकती है? ऐसी कंपनी को अभयदान क्यों दिया जा रहा है? सरकार किससे डर रही है? जांच पर भरोसा कैसे किया जा सकता है? किसी के घर में शादी थी, किसी को इंटरव्यू देने जाना था, किसी की बिजनेस बैठक थी, किसी को वीजा लेने जाना था और किसी के घर में बूढ़े मां-बाप बीमार थे अथवा मातम पसर गया था, इंडिगो की मनमर्जी ने सब कुछ खत्म कर दिया। सब कुछ बिखर गया। पैसा बर्बाद, लगातार आंसू, रुदन, आम यात्री और क्या कर सकता है? क्या एक एयरलाइन को इस हद तक खलनायक बनने की छूट दी जा सकती है? विमानन के क्षेत्र में इंडिगो की हिस्सेदारी 62 फीसदी से भी अधिक क्यों होने दी गई? सरकारी पार्टी को करोड़ों रुपए का चुनावी चंदा और बाजार पर एकाधिकार का लाइसेंस! क्या देश में एयरलाइंस ऐसे ही काम करती रहेंगी? क्या यात्रियों को उड़ान भरने के सपने बेच कर और फिर बंधक बना कर देश विकसित बन सकता है? ट्रिलियन डॉलर के मामले में भारत विकसित देश, बेशक, बन सकता है, लेकिन मानसिक, सामाजिक, सुविधा और पेशेवर दृष्टि से भारत अविकसित देश ही रहेगा। चीन और अमरीका के उदाहरण सभी के सामने हैं। चीन की शीर्ष तीन विमानन कंपनियों की कुल हिस्सेदारी 60 फीसदी से कम है। अमरीका में शीर्ष 4 कंपनियों की हिस्सेदारी करीब 75 फीसदी है। किसी अकेली कंपनी की हिस्सेदारी 25 फीसदी को नहीं लांघती। विमानन की दृष्टि से ये देश, भारत की अपेक्षा, अधिक विकसित हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# पुतिन की भारत यात्रा: नयी विश्व राजनीति की आहट



पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा एक साधारण कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि इतिहास के सात दशकों में बुनी एवं गढ़ी गई मित्रता का नवीन उद्घोष है। कहा जाता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र और शत्रु नहीं, स्थायी हित होते हैं, किंतु भारत-रूस संबंध इस कथन की परिधि से आगे जाकर स्थायी भरोसे, नैतिक दायित्व और पारस्परिक सम्मान के प्रतीक बने हुए हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका, यूरोप एवं नाटो गठबंधन रूस पर कठोर आर्थिक और रणनीतिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। इसके बावजूद भारत ने रूस को न केवल कूटनीतिक स्तर पर सम्मान-साथ दिया बल्कि ऊर्जा व रक्षा क्षेत्र में उसे सबसे भरोसेमंद साझेदार माना। इसलिए यह वार्ता केवल दो नेताओं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात नहीं, बल्कि एक नए युग के सूत्रपात का संकेत है, नयी विश्व राजनीतिक समीकरण की आहट है। भारत और रूस की मित्रता का इतिहास लगभग 70 वर्षों का है। शीतयुद्ध काल में रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम से लेकर पोखरण परमाणु परीक्षणों तक, रूस ने भारत का साथ दिया। आज जब यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति को ध्रुवीकृत कर दिया है, अमेरिका ने भारत पर रूस से दूरी बनाने का दबाव बनाया, किंतु भारत ने सामरिक स्वायत्तता की नीति को बनाए रखते हुए रूस का साथ निभाया। पश्चिम के प्रतिबंधों के बीच भारत ने भारी मात्रा में रूसी पेट्रोलियम और गैस खरीदकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की तथा रूस को आर्थिक सहारा दिया। यह निर्णय महज एक वाणिज्यिक लाभ का मामला नहीं था, बल्कि भारतीय विदेश नीति की स्वयंभूता का प्रदर्शन था। दूसरी ओर, रूस ने भी भारत को कभी निराश नहीं किया। चाहे एस-400 वायु रक्षा प्रणाली हो, टी-90 टैंक हों, ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना हो या पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान सुयू-57 से जुड़ा सहयोग, भारत की सैन्य क्षमता में रूस का योगदान निर्णायक रहा है। वहीं पाकिस्तान की शत्रुता के खिलाफ भारत के हितों को रूस का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता रहा। हाल ही में दक्षिण एशिया की बदलती सुरक्षा परिस्थितियों में रूस ने भारत की सामरिक चिंता को समझा और "ऑपरेशन सिंदूर" जैसे अभियानों में सहयोग की भूमिका निभाई। यह तथ्य भारत-रूस संबंधों की गहराई और विश्वास को दशार्ता है।

पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है। पुतिन भारत को न केवल रक्षा सहयोगी मानते हैं, बल्कि एशियाई भू-राजनीति में संतुलन का स्तंभ भी। वहीं मोदी की विदेश नीति बहुध्रूवीय विश्व की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें रूस का स्थान केंद्रीय है। इस यात्रा से ऊर्जा सहयोग और बढ़ेगा। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और रूस उसके लिए सस्ता, विश्वसनीय तथा दीर्घकालिक आपूर्तिकर्ता। प्रतिबंधों के बावजूद रूस ने भारत को कच्चे तेल के साथ ही कोयला, गैस और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में सहयोग दिया। भारत को सस्ती ऊर्जा देने के पीछे केवल व्यावसायिक हित नहीं बल्कि मित्रता और सामरिक साझेदारी भी निहित है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग और विस्तृत होने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य "मेक इन इंडिया" रक्षा उत्पादन है और रूस इसके लिए सबसे बड़ा भागीदार बना हुआ है। ब्रह्मोस मिसाइल, राइफल निर्माण, स्पेयर पार्ट सप्लाई और संयुक्त विकास कार्यक्रमों के नए विकल्प वार्ता में उभरेंगे। रूस भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, निमार्ता के रूप में स्थापित करने में सहभागी है, जो संबंधों की परिपक्वता को दशार्ता है। भारत-रूस दोस्ती अब एक नया अध्याय लिखने को तत्पर है। दोनों देशों की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है, यहां तक की अमेरिका के साथ बेहतर हुए संबंधों के दौर में भी रूस हमारा विश्वस्त साझीदार बना रहा है, प्रगाढ़ दोस्ती में कोई फर्क नहीं पड़ा है। अब रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की दोस्ती में नई गरमाहट की संभावना के साथ दोस्ती के नये स्वस्तिक उकेरने की बात सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के वर्षों में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है, लेकिन रूस के साथ देश के दशकों पुराने रक्षा संबंध भी बरकरार हैं। भारत ने अमेरिका और यूरोप से हथियारों की खरीद बढ़ाकर रूस पर निर्भरता को संतुलित बनाया है, लेकिन मॉस्को अभी भी भारत का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। रूस दोस्ती की ओर आगे बढ़ते हुए भारत के लोगों को रोजगार देने के लिये भी एक समझौता मसौदा तैयार किया है। रूस अपने उद्योगों के लिए 10 लाख भारतीय कुशल श्रमिकों को काम पर रखना चाहता है। भारत-रूस संबंधों का सबसे मजबूत आधार है-कूटनीतिक विश्वास और सम्मान। रूस ने कभी भारतीय आंतरिक राजनीति या नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया। उसने कश्मीर, परमाणु नीति, रणनीतिक साझेदारी और पड़ोसी विवादों पर भारत की संप्रभुता का समर्थन किया। वहीं भारत ने भी रूस की सुरक्षा चिंताओं को समझा—चाहे नाटो विस्तार का मुद्दा हो या यूक्रेन का संघर्ष। इसलिए भारत ने पश्चिमी दबावों की उपेक्षा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र में भी रूस की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में रूस सहयोगी रहा है और भविष्य की यात्री-वाहक मिशनों में भी सहयोग की संभावनाएँ हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक साझेदारी भी विशेष है—योग, आयुर्वेद, साहित्य, रूसी नाट्यकला और भारतीय कला—सबने एक-दूसरे समाज में स्थान पाया। फिर भी यह संबंध चुनौतियों से खाली नहीं। चीन-रूस साझेदारी और भारत-अमेरिका निकटता के बीच संतुलन बनाए रखना दोनों देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है। रूस चाहता है कि एशिया में भारत संतुलक भूमिका निभाए, वहीं भारत नहीं चाहता कि रूस का झुकाव चीन की ओर अत्यधिक बढ़े। इसी प्रकार रक्षा सहयोग में तकनीक हस्तांतरण, उत्पादन विलंब और आर्थिक भुगतान व्यवस्थाओं पर भी मतभेद रहे हैं। किंतु इन मतभेदों को वार्ता द्वारा समाधान के प्रयास दोनों राष्ट्रों की परिपक्वता को दशार्ते हैं।

पुतिन की इस यात्रा का महत्व इसलिए भी है कि यह बताती है कि भारत किसी वैश्विक शक्ति के दबाव में नहीं, बल्कि अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध तय करता है। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा आत्मनिर्भरता, बहुध्रूवीय वैश्विक व्यवस्था और एशियाई सामरिक संतुलन की दृष्टि से भारत-रूस साझेदारी अपरिहार्य है। मोदी और पुतिन की मुलाकात इस विश्वास की प्रमाणिकता है कि संबंध केवल शीत युद्ध की स्मृतियों पर नहीं, बल्कि समकालीन हितों और भविष्य की रणनीति पर आधारित हैं। यह यात्रा एक प्रतीक है-स्वतंत्र विदेश नीति, सामरिक साझेदारी और सांस्कृतिक सम्मान की। भारत-रूस संबंध केवल दो राष्ट्रों की निकटता का परिचय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में एक विशिष्ट वैकल्पिक शक्ति संरचना का निर्माण है। पश्चिमी देशों की आलोचना और प्रतिबंधों के बावजूद भारत और रूस ने अपने संबंधों को न केवल जीवित रखा बल्कि सुदृढ़ किया।

इस मुलाकात से भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई गति मिलेगी, रक्षा उत्पादन को स्वदेशीकरण का बल मिलेगा, व्यापार एवं तकनीकी सहयोग विस्तृत होगा और रणनीतिक विश्वास की डोर और मजबूत होगी। पुतिन और मोदी की यह वार्ता बताती है कि भूराजनीति केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि भरोसे और सहयोग पर भी टिकती है। अतः कहा जा सकता है कि पुतिन की भारत यात्रा एक नई ऊर्जा, नए दृष्टिकोण और नई साझेदारियों की शुरूआत है-जहाँ भारत और रूस न केवल मित्र हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर संतुलित, स्वाधीन और बहुध्रूवीय विश्व व्यवस्था के निमार्ता भी हैं।

## उदय किशोर साह
## प्रकृति से मत कर छेड़खानी
### कविता



ये बरसात की। टपकता पानी
गुमसुम है। मौसम की जुवानी
बेमौसम की अजब है कहानी
बिन न्यौता की आई वर्षा रानी

ठंड पे ठंड की कर दी है आगाज
काँप रहे हैं पेड़ों पे मजबूर परवाज
कहाँ से लायें गरमी की गरम आँच
बेबस दीख रहा है नभ का भी बाज

तेज हुई धरा पे जल प्रलय की रवानी
बहा ले जा रही है मानव की दाना पानी
धरती पर दीख रही है पानी ही पानी
प्रकृति से क्यूं की हमने यहाँ छेड़खानी

बादलों की चादर में छुपा है दिनमान
गाँव गाँव से रोशनी हो गई है गुमनाम
बिजली भी गुल हो गई इसे भी जान
काम ना आ रही है अब जान पहचान

मत कर रे प्रकृति से कभी भी मनमानी
दुष्परिणाम बन जायेगी तेरी ही नादानी
गाली तब होगी हर एक की जुवानी
प्रकृति से मत कर भाई तुं छेड़खानी

# पसंदीदा खाना भी खाएं और बिंज ईटिंग भी रोकें, जानें स्मार्ट तरीका



अक्सर लोग अपना वजन कम करने के लिए कम खाना शुरू कर देते हैं, ऐसे में क्रेविंग और बिंज ईटिंग बहुत ज्यादा होने लगती है। इसलिए, आप कम खाने की जगह स्मार्ट खाना शुरू करें। अपने हर मील में फाइबर, प्रोटीन व गुड फैट को शामिल करें। ऐसे में आपका पेट भरा रहेगा और आपको जंक फूड की क्रेविंग कम होंगी।

अगर आप वेट लॉस पर हैं तो ऐसे में बिंज ईटिंग कहीं ना कहीं आपकी सारी जर्नी को खराब कर सकती है। हालांकि, बिंज ईटिंग कई वजह से हो सकती है, कभी स्ट्रेस, कभी बोरियत, कभी हार्मोन्स तो कभी सामने अपना फेवरिट फूड देखकर रुका ही नहीं जाता। फिर बाद में बस गिल्ट ही होता है। अमूमन लोग सोचते हैं कि बिंज ईटिंग रोकने के लिए उन्हें अपने फेवरेट फूड्स को खाना बंद करना पड़ेगा। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। अगर आप अपने फेवरेट फूड से दूरी बनाते हैं तो ऐसे में दिमाग उतना ज्यादा उसी खाने के बारे में सोचता रहता है। फिर क्रेविंग इतनी हाई हो जाती है कि हम कंट्रोल ही नहीं कर पाते। हो सकता है कि आप भी ऐसी ही स्थिति से गुजर रहे हों, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपना पसंदीदा खाना खाते हुए भी बिंज ईटिंग को आसानी से मैनेज कर सकते हैं- अक्सर यह देखा जाता है कि लोग अपने पसंदीदा खाने से लगातार दूरी बनाते हैं, लेकिन इससे उनका माइंड उसे ज्यादा खाने की इच्छा करता है। इसलिए, खुद को खाने की परमिश नें। आप अपने पसंदीदा स्नैक का एक छोटा सा हिस्सा जरूर खाएं। जब आपके माइंड को यह लगता है कि उसका पसंदीदा खाना उसके लिए अवेलेबल है तो ऐसे में क्रेविंग अपने आप कम होने लगती है।


**स्मार्टली खाएं अपना खाना:** अक्सर लोग अपना वजन कम करने के लिए कम खाना शुरू कर देते हैं, ऐसे में क्रेविंग और बिंज ईटिंग बहुत ज्यादा होने लगती है। इसलिए, आप कम खाने की जगह स्मार्ट खाना शुरू करें। अपने हर मील में फाइबर, प्रोटीन व गुड फैट को शामिल करें। ऐसे में आपका पेट भरा रहेगा और आपको जंक फूड की क्रेविंग कम होंगी।

**भूल से भी मील स्किप ना करें:** अगर आप वजन कम करने के चक्कर में या फिर अपने कैलोरी काउंट को कम करने के लिए मील स्किप करते हैं तो ऐसे में बिंज ईटिंग और क्रेविंग्स को मैनेज करना काफी मुश्किल होगा। इसलिए, दिनभर में तीन मेन मील्स जरूर लें। साथ में, एक या दो लाइट व हेल्दी स्नैकिंग जरूर करें। जब आप टाइम से अपनी मील्स लेते हैं और वह फाइबर व प्रोटीन रिच होता है तो बिंज ईटिंग की इच्छा नहीं होती है।

**एनवायरनमेंट पर भी दें ध्यान:** आमतौर पर हम सभी बिंज ईटिंग तब सबसे ज्यादा करते हैं, जब हमें खाना सामने दिखता है। इसलिए, बिंज ईटिंग को मैनेज करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने एनवायरनमेंट को भी हेल्दी बनाओ। जंक व अनहेल्दी फूड को आंखों के सामने से दूर रखो। इसकी जगह किचन में फलों को रखें, जो आपको आसानी से दिख जाएं। साथ ही, आप अपने फेवरेट स्नैक को छोटे पैक में रखें, ताकि आप ओवरईटिंग करने से बच जाएं।

# न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए कम बजट में घूम आएं दिल्ली के पास इन जगहों पर, ट्रिप रहेगी यादगार

नया साल हर किसी के लिए बेहद खास होता है, और इसे यादगार बनाने के लिए लोग तरह-तरह की तैयारियां करते हैं। कोई अपने घर पर या रेस्त्रां में पार्टी करना पसंद करता है, तो कुछ लोग नए स्थानों पर घूमने की योजना बनाते हैं। यदि आप भी नए साल पर घूमने जाना चाहती हैं और आपका बजट कम है, तो चिंता की बात नहीं, आप मात्र पांच हजार रुपए में भी कई खूबसूरत जगहों की सैर कर सकते हैं। दिसबंर साल का आखिरी महीना है और लोग नए साल वेलकम बड़े ही धूम-धाम से करते हैं। नया साल आने में ज्यादा दिन बचें नहीं है। इस खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए कोई घर पर पार्टी करता है और तो कुछ ट्रिप पर जरुर जाते हैं। घूमने-फिरने के नाम से ही फूड फ्रेश हो जाता है। ऐसे में नए साल पर घूमने का मतलब है कि आप ताजगी और अच्छे मूड के साथ नए साल की शुरूआत करें। अगर आप कम बजट में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो इन जगहों पर जरुर जाएं।



**मथुरा वृंदावन:** दिल्ली से ज्यादा दूर नहीं है मथुरा वृंदावन। अगर आप कृष्णभक्त हैं तो आप नए साल की शुरूआत में प्रेम मंदिर, बांके बिहारी मंदिर और बरसाना जैसी कई जगहों पर घूमने जा सकते हैं। आप बस या ट्रेन से आसानी से जा सकते हैं।

**बनारस:** महादेव की नगरी काशी एक धार्मिक शहर है। यहां का पान बहुत ही फेमस है। आप यहां पर काशी विश्वनाथ के दर्शन कर सकते हैं। इसके साथ ही घाटों पर गंगा आरती देख सकते हैं। दुनियाभर में बनारस की गंगा आरती काफी फेमस है। 5 हजार के बजट में यहां पर आसानी से घूम सकते हैं।

**आगरा:** नए साल की शुरूआत आप आगरा जाकर भी कर सकते हैं। यहां पर आप ताजमहल का दीदार कर सकते हैं। इसके साथ ही फतेहपुर सीकरी, यमुना नदी के किनारे बने आगरा के किले और अकबर का मकबरा घूम सकते हैं। आगरा जाने के लिए आप दिल्ली से बस या फिर ट्रेन पकड़ सकते हैं।

**नैनीताल:** उत्तराखंड में स्थित नैनीताल बेहद खूबसूरत पहाड़ी स्थल है, जहां आप नए साल पर घूमने की योजना बना सकते हैं। यहां नैना देवी मंदिर में दर्शन करने के बाद नैनी झील में बोट राइड का आनंद लिया जा सकता है। यदि आप आसपास के स्थानों को भी देखना चाहें, तो मुक्तेश्वर या अल्मोड़ा की यात्रा करना भी एक अच्छा विकल्प है।

**मसूरी:** क्वीन ऑफ हिल्स कही जाने वाली मसूरी नए साल पर घूमने के लिए सबसे बढ़िया ऑप्शन है। यह बेहद ही खूबसूरत हिल स्टेशन है। इधर आप अपने दोस्तों के साथ नए साल का जश्न मना सकते हैं। इस बार आप कम बजट में इन जगहों पर घूमने जा सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नदी की पुलिया पर अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी बस, मची चीख-पुकार, 20 सवारी घायल

वेलकम इंडिया महमूद रजा









**जनपद बिजनौर अफजलगढ़।** नगर में स्थित रहमान टाईल्स एण्ड मार्बल्स की दुकान समीप निजी प्राइवेट बस काशीपुर से नगीना जा रही थी। तभी तीव्र मोड़ पर अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। बस पलटने के दौरान यात्रियो में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों व पुलिस ने आकर घायलों को सीएचसी भेजा, जहां से गंभीर घायलों को हायर सेंटर भेज दिया गया। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। दुर्घटना में बस में सवार करीब 15-20 लोग घायल हो गए। रविवार को प्राइवेट बस काशीपुर से यात्री लेकर अफजलगढ़ की ओर आ रही थी। जैसे ही रविवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे निजी बस रहमान टाईल्स एण्ड मार्बल्स की दुकान के नजदीक अफजलगढ़ मोड़ के पास पहुंची तो बस अनियंत्रित हो गई और नचना नदी की पुलिया में गहरे गड्ढे में जा गिरी। बस के गिरते ही सवारियों में चीख पुकार मच गई। बस में करीब 30 यात्री सवार थे। बस पलटने के दौरान गांव कासमपुरगढ़ी निवासी तरन्नुम पत्नी इमरान उम्र 45 वर्षीय, रोजी पत्नी इरफान उम्र 27 वर्षीय, आफरीन दस वर्षीय पुत्री इरफान उम्र पांच वर्षीय, आदिल पुत्र इकरार उम्र 16 वर्षीय, साजिया परवीन उम्र 45 वर्षीय पत्नी फुरकान, इनाया उम्र तीन वर्षीय पुत्री इरफान, अरबीना उम्र 50 वर्षीय पत्नी नफीस, हसन उम्र 19 वर्षीय पुत्र महबूब, नाजिया उम्र 24 वर्षीय पुत्री इंतजार, सचिन उम्र 30 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र शर्मा व संगीता उम्र 28 वर्षीय पत्नी सचिन शर्मा तथा रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव बादीगढ़ निवासी प्रतीक उम्र 25 वर्षीय पुत्र प्रशांत, अफजलगढ़ निवासी रामकिशन उम्र 55 वर्षीय पुत्र नाथू सिंह, हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव नवादा निवासी हर्ष उम्र सात वर्षीय, अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव आसफाबाद चमन निवासी तालिब उम्र सात वर्षीय, गांव मानियावाला निवासी सोफिया उम्र 30 वर्षीय पुत्री शाकिर, महजबी उम्र 19 वर्षीय पुत्री सईद, रजिया उम्र 50 वर्षीय पत्नी अहमद, मुस्कान उम्र 17 वर्षीय, धामपुर पक्का बाग निवासी आकिब उम्र 28 वर्षीय पुत्र सलीम तथा मदन सिंह, शेरकोट कस्बा निवासी समीम अहमद, हल्दौर नवादा निवासी अनीता उम्र 55 वर्षीय पत्नी रामकिशन, अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सीरवासुचंद निवासी रिहान उम्र 18 वर्षीय पुत्र शहजाद तथा गांव रायपुर निवासी सानिया उम्र 30 वर्षीय पुत्री फिरोज अहमद, रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव हारावाला निवासी ज्योति उम्र 24 वर्षीय पुत्री शीशराम, कोटद्वार थाना क्षेत्र के गांव कौड़ियां निवासी सुशांत उम्र 18 वर्षीय घायल हो गए। बस के पलटते ही यात्रियों में चीखपुकार मच गई। लोगों का कहना था कि चालक बस को तेजी व लापरवाही से चला रहा था। कई बार रफ्तार कम करने का सुझाव देने पर भी वह नहीं माना। जब बस अफजलगढ़ मोड़ पर पहुंची तो मोड़ होने के दौरान अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को बस से निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने आधा दर्जन से अधिक गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं मामूली रूप से चोटिल लोगों का उपचार कर घर भेज दिया।

# मतदाता बनने से कोई न रह जाए छूटा, इस्लामुद्दीन कसर ने शुरू किया घर-घर अभियान



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**स्योहारा।** समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के विधानसभा अध्यक्ष इस्लामुद्दीन कसर इन दिनों समाज सेवा की एक मिसाल पेश कर रहे हैं। आगामी चुनावी महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए उन्होंने अपनी पूरी ताकत मतदाता जागरूकता अभियान में झोंक दी है। वह बूथ लेवल अधिकारी (बी.एल.ओ.) के सहयोग से 'कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं' के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं।

₹एक-एक मतदाता है महत्वपूर्ण₹ शकसर ने बताया, ₹हमारा एकमात्र उद्देश्य यह है कि धामपुर विधानसभा का हर पात्र नागरिक मतदाता सूची में दर्ज हो। इसलिए हम घर-घर जा रहे हैं, लोगों को फॉर्म भरने में मदद कर रहे हैं और उन्हें जमा भी करवा रहे हैं। यह प्रयास हमारे लोकतंत्र और समाज की भलाई के लिए जरूरी है।₹ वार्ड नंबर 9 में उनकी विशेष सक्रियता देखी जा रही है। अपनी सामाजिक पहचान और जनसंपर्क का उपयोग करते हुए कसर लोगों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनका यह निःस्वार्थ प्रयास चुनावी प्रक्रिया में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। यह प्रयास दशार्ता है कि एक जिम्मेदार स्थानीय नेता होने के नाते वह चुनावी राजनीति से परे हटकर भी आधारभूत लोकतांत्रिक दायित्वों के प्रति कितने सजग हैं। उनकी इस पहल से क्षेत्र में मतदाता सूची का सही और व्यापक दायरा तैयार होने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# एसएसपी ने होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर किया शुभारम्भ



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का फीटा काटकर शुभारम्भ किया गया। इस शिविर का आयोजन उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामासारथी) द्वारा पुलिस परिवारजनों के बच्चों एवं युवाओं के उज्जवल भविष्य एवं स्वास्थ्य की देखभाल के दृष्टिकोण से किया गया जिसमें जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों एवं उनके परिजनों तथा रिक्रूट आरक्षियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और निःशुल्क परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में विशेषज्ञ होम्योपैथिक चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न बीमारियों जैसे सर्दी-जुकाम, त्वचा रोग, जोड़ों का दर्द, रक्तचाप आदि की जांच की और आवश्यक दवाएं भी प्रदान कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के लाभों से परिचित कराना था।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, प्रतिसार निरीक्षक अजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सरकार की सभी योजनाए जनता तक तेजी से बिना भेदभाव के पंहुचे : डिप्टी सीएम उत्तर प्रदेश



**झांसी।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस, झांसी में जनप्रतिनिधियों व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डबल इंजन सरकार की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता, दक्षता और निर्धारित समय-सीमा के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। डिप्टी सीएम ने कहा कि जनता तक योजनाओं का लाभ तेजी से और बिना भेदभाव के पहुंचे। कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सतर्क रहकर जनसमस्याओं के समाधान में तत्परता बरतने की कड़ी हिदायत दी।

# वाल्मीकि विकास संघ द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहरः** श्रद्धाजलि कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार महरौलिया ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके बाबा साहब को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और कहा कि भारत रत्न डाक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से हर व्यक्ति को विकास का रास्ता दिखाया तथा हर गरीब वंचित को जीवन पर्यंत न्याय दिलाने का कार्य किया। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के योगदान को भुलाया नही जा सकता हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने महिलाओ को सरकारी नौकरी सामाजिक जीवन एवं राजनीतिक क्षेत्र में भी संविधान के माध्यम से महत्वपूर्ण सुविधा दी है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के मिशन को आगे बढाना ही उनको सच्ची श्रद्धाजलि होगी। सुरेंद्र सिंह धनकड ने बाबा साहब को श्रद्धाजलि देते हुए कहा कि बाबा साहब ने सर्व समाज को संविधान के माध्यम से अधिकार दिए उनके किये गये कार्यो को भुलाया नही जा सकता।

# विदेशी आक्रांताओं के नाम पर न हो कोई भी निर्माण कार्य



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर।** विश्व हिंदू महासंघ की सनातन रक्षा वाहिनी के द्वारा एक ज्ञापन प्रधानमंत्री जी के नाम थाना प्रभारी को सौपा। जिसमें मांग की गई बंगाल में बन रही बाबरी मस्जिद पर रोक लगाई जाए। क्योंकि बाबर एक बाहरी आक्रांता था। बाहरी आक्रांताओं ने सिर्फ भारत को लूट का कार्य किया इसलिए किसी बाहरी आक्रांताओं के नाम पर न तो कोई सड़क नहीं कोई इमारत बनाने की अनुमति दी जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश मंत्री पीयूष अरोड़ा, जिला अध्यक्ष अजय महेश्वरी, जिला मंत्री विश्व हिंदू महासंघ पारस राठी, तहसील अध्यक्ष गोविंद गिरी, तहसील महामंत्री कुलदीप शर्मा, तहसील मंत्री संदीप सैनी, नगर अध्यक्ष आकाश सैनी, नगर उपाध्यक्ष रोहन, नगर मंत्री सचिन पाठक, आशीष आर्य, तक्ष राजपूत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भीम वाहिनी द्वारा मनाया गया बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिवस

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर भीम वाहिनी ने शनिवार को संविधान निमार्ता विश्व रत्न बाबा साहब डॉङ्ग बी0आरङ्ग अम्बेडकर के 69 में परिनिर्वाण दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि भीम वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट मदनपाल गौतम ने अंबेडकर पार्क अंसारी रोड बुलंदशहर जाकर बाबा साहब अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी इस मौके पर चुनाव आयोग व भारत सरकार से मांग की आधार कार्ड को एसङ्गआईङ्ग आरङ्ग को वोट से जोड़ा जाये आधार कार्ड को सरकार ने सभी जगह लगा रखा है एसङ्ग आईङ्ग आरङ्ग क्यों नहीं जोड़ा जा रहा है बाबा साहब ने वोट का हथियार दिया उसे छिना जा रहा है महाराष्ट्र के नादेड में आंचल के प्रेमी सक्षम को बुलाकर उसके परिवार के लोगों ने हत्या कर दी भीम वाहिनी दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की माँग करती है इस मौके पर रमेश चन्द अभिषेक गौतम एडङ्ग पुरुषोत्तम रहीश मालिक इस्लामुद्दीन सैफी भोले इस से पहले भीम वाहिनी के केंद्रीय कार्यालय पर बाबा साहब अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर लता गौतम रेखा सुभाष चंद मिथलेश प्रेम लता बेगवती सीमा सुमन आदि ने माल्यार्पण किया।

# टीका उत्सव का सफल शुभारंभ : सुभद्रा देवी

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**स्योहारा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित 'टीका उत्सव' अभियान का शहरी क्षेत्र में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. बी. के. स्नेही, वार्ड 4 की सभासद सुभद्रा देवी तथा वरिष्ठ नागरिक कमेटी के सदस्य ऋषिपाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अभियान का मुख्य लक्ष्य जिले की सभी गर्भवती महिलाओं एवं 0-5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को समय पर पूर्ण टीकाकरण उपलब्ध कराना है। अभियान पूरे दिसंबर माह तक चलेगा। जिसमें स्वास्थ्य कर्मी, आशा व आंगनबाड़ी टीमों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

वार्ड नंबर 4 के चामुंडा मंदिर परिसर में स्थित टीकाकरण बूथ का उद्घाटन भी डॉ. स्नेही और सभासद सुभद्रा देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग और आमजन के बीच सार्थक सेतु का कार्य करते हुए सभासद सुभद्रा देवी एवं उनके पति मास्टर विजयपाल का विशेष योगदान रहा। उनके सक्रिय नेतृत्व, सामाजिक जागरूकता और निरंतर प्रयासों से ही वार्ड के स्तर पर इस जन-कल्याणकारी योजना को जमीन पर उतारना संभव हो सका। उनकी इस पहल ने समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और टीकाकरण में सहभागिता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. स्नेही ने ब्लॉक के निवासियों से अपील की है कि वे अपने बच्चों व गर्भवती महिलाओं को निर्धारित समय पर टीकाकरण केंद्रों पर अवश्य लेकर आएं। इस अभियान की सफलता स्थानीय नेतृत्व और जन सहयोग से ही संभव है।

# धामपुर के लाल कुणाल गांधी ने बीताएं नेता विपक्षराहुल गांधी के साथ चार घंटे, हुई लंबी चर्चा



वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर जनपद बिजनौर के धामपुर निवासी युवा कांग्रेस कार्यकर्ता कुणाल गांधी एडवोकेट ने दिल्ली में जननायक राहुल गांधी जी के साथ लगभग चार घंटे तक गहन संवाद किया। यह मुलाकात सिर्फ एक औपचारिक भेंट नहीं, बल्कि समानता, न्याय और युवा भागीदारी की उस सोच की जीत है जो हर कार्यकर्ता को राष्ट्रीय नेतृत्व से जोड़ती है। कुणाल गांधी ने बेबाकी से युवाओं के लिए निशुल्क शिक्षा, रोजगार के अवसर और उनकी राजनीति में अनिवार्य हिस्सेदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान, राहुल गांधी जी ने उन्हें जुजुत्सु एक संपूर्ण आत्मरक्षा प्रणाली जो फिटनेस, अनुशासन और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देती है—का ज्ञान भी दिया। एक सामान्य परिवार से राष्ट्रीय मुख्यधारा तक पहुंचा यह सीधा संवाद लाखों युवा कांग्रेस कार्यकताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पार्टी कार्यालय का शुभारंभ

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नजीबाबाद हर्षवाड़ा स्थित ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पार्टी कार्यालय का शुभारंभ हुआ, जिसका उदघाटन करने के लिए पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महताब चौहान पहुंचे, इस दौरान नजीबाबाद पहुंचने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महताब चौहान का ढोल नगाड़ों की थाप पर फूल मालाओं के साथ स्वागत हुआ। सर्वप्रथम महताब चौहान ने फीता काटकर पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान पश्चिमी यूपी के अध्यक्ष महताब चौहान ने प्रदेश महासचिव हाजी इंतजार, जिला अध्यक्ष मुफ्ती रियाज की उपस्थिति में विशेष रूप से पूर्व प्रधान आफताब अंसारी व वसी मौहम्मद उर्फ बबलू को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका पार्टी में स्वागत किया, साथ ही महताब चौहान ने पूर्व प्रधान आफताब अंसारी को विधानसभा अध्यक्ष व वसी मौहम्मद उर्फ बब्लू को ब्लॉक अध्यक्ष की बनाने की घोषणा की। इनके अलावा अन्य लोगों ने भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता की। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महताब चौहान ने कहा कि ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन आगामी 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में बड़ी ताकत के रूप में उभरकर सामने आएगी, कोई भी राजनीतिक दल एआईएमआईएम को हल्के में आंकने की भूल न करें, एआईएमआईएम ने बिहार चुनाव में भी पांच सीटें जीती है, हमारी पार्टी लंबे समय से हमारा बूथ, सबसे मजबूत पर काम कर रही है, उन्होंने आगे कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस दलितों, मुसलमानों को केवल इस्तेमाल करती है और उनके मुद्दों पर खामोश रहती है, लेकिन ये अब नहीं होगा, असदुद्दीन ओवैसी पूरे देश के मुद्दों को संसद में उठाते है, उन्होंने पूर्व प्रधान आफताब अंसारी और वसी मौहम्मद के कार्यालय और उनके पार्टी में शामिल होने पर मुबारकबाद देते हुए यहां पार्टी को मजबूत करने पर भी जोर दिया। इसी के साथ जिला अध्यक्ष मुफ्ती रियाज मुनव्वर अली, हकीम अब्दुस सलाम, अहसान पेंटर आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहसान पेंटर ने की। कार्यक्रम में बिजनौर प्रभारी शहजाद खा, डॉक्टर अनिरुद्ध, डॉक्टर जाकिर हुसैन, मौलाना हबीबुर्रहमान सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मासूम श्रेया के साथ बर्बरता की हदें पार... सौतेली मां ने दांत काटकर मासूम को मार डाला

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**भवानीगंज/सिद्धार्थनगर।** यूपी के सिद्धार्थनगर जिले के भवानीगंज से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां एक सौतेली मां ने तीन वर्षीय मासूम बच्ची की हत्या कर दी। आरोपी महिला ने मासूम बच्ची को बेरहमी से पीटा, इसके बाद दांत काटकर कर गला दबाकर मार डाला।

भवानीगंज थाना क्षेत्र के चौरा बनगवा गांव में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में तीन साल की बच्ची श्रेया की मौत हो गई। पिता महेश अग्रहरि ने भवानीगंज पुलिस को शिकायती पत्र देकर घटना की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बच्ची के शरीर पर दांत के काटने और चोट के निशान मिले हैं। पुलिस मामले सौतेली मां को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

क्षेत्र के चौरा बनगवां गांव निवासी महेश अग्रहरि ने भवानीगंज पुलिस को दिए अपने शिकायती पत्र में बताया है कि रविवार की सुबह करीब पांच बजे खलीलाबाद कपड़ा खरीदने के लिए घर से निकले थे। अभी डुमरियागंज थाना क्षेत्र के वेवां चौराहे पर पहुंचे ही थे कि पत्नी खुशी ने फोन कर बताया कि बेटी श्रेया की तबीयत काफी खराब है। घर पहुंचकर श्रेया (3) को लेकर सीएचसी बेंवा पहुंचा, जहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत को संदिग्ध बताते हुए महेश अग्रहरि ने पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की। सौतेली मां खुशी अग्रहरि को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष भवानीगंज बृजेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सौतेली मां को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

महेश ने इसी साल अप्रैल में की थी दूसरी शादीः श्रेया के पिता महेश की पहली शादी 2020 में बस्ती जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के सिसवा बरवार में खुशबू के साथ हुई थी। साल 2022 में श्रेया के जन्म के दौरान खुशबू की मौत हो गई। महेश अग्रहरि श्रेया का पालन पोषण कर रहा था। महेश ने नेपाल में स्थित बहादुरगंज की रहने वाली खुशी से अप्रैल 2025 में दूसरी शादी कर ली। फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य : चौरा बनगवा गांव में रविवार को संदिग्ध हालात में हुई मासूम की मौत की सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे सीओ शुभेंदु सिंह के साथ ही फॉरेंसिक टीम ने हर पहलुओं पर बारीकी से जांच कर साक्ष्य जुटाए। सीओ ने थानाध्यक्ष बृजेश सिंह को जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## छाता में आर्य महासम्मेलन 9 से तैयारियां पूर्ण

**मथुरा/छाता।** आर्य समाज छाता के तत्वावधान में आयोजित 60 वें तीन दिवसीय आर्य महासम्मेलन का शुभारंभ 9 दिसम्बर मंगलवार को कस्बे के पुराने बस स्टैंड के पीछे चन्द्र कुण्ड परिसर में होगा। इसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर लीं है। कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक चौधरी प्रहलाद आर्य ने बताया कि आर्य महासम्मेलन का आयोजन स्वामी सच्चिदानन्द जी महाराज के पावन सानिध्य में होगा। इसमें भारत वर्ष के उच्च कोटि के विद्वान, कवि, मनीषी, संगीतज्ञ एवं भजनोपदेशकों का भव्य समागम रहेगा। मंत्री विनोद कुमार आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में गौतम खट्टर, सुरेश शास्त्री, संदीप आर्य, प्रदीप शास्त्री, पं. विपिन बिहारी आर्य, सुन्दर वैदिक, नरदेव बेनीवाल, धनीराम बेधड़क आदि के द्वारा समाज सुधार,राष्ट्र रक्षा, अंधविश्वास, कुरीति, धर्म/संस्कृति व महर्षि दयानन्द को विश्व की देन के विषय पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# स्वच्छता ही जीवन का आधार है : क्षेत्रीय वन अधिकारी शिवकुमार गुप्ता

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**बांसी/सिद्धार्थनगर।** डीएफओ व एसडीओ के निदेर्शानुसार शिवकुमार गुप्ता क्षेत्रीय वन अधिकारी बांसी की उपस्थिति में माधव वन विहार पार्क व वन रेंज कार्यालय बांसी परिसर की साफ सफाई वनकर्मियों द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। जिसमें वन दरोगा संदीप कुमार ,वनरक्षक अरुणेश ,जगदीश व सहायक अभय, वीरेंद्र, श्री राम समेत तनाम लोगों ने कार्यालय व पार्क परिसर की साफ सफाई किया ।उक्त अवसर पर शिवकुमार गुप्ता क्षेत्रीय वन अधिकारी बांसी ने कहा कि स्वच्छता ही जीवन का आधार है, हम सभी को अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ व निर्मल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे ही सामूहिक रूप से श्रमदान द्वारा साफ सफाई का कार्य कराया जाएगा ।जिसमें वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियो का उल्लेखनीय योगदान होगा। माधव वन विहार पार्क की साफ सफाई से लोगों को स्वच्छ हवा प्राप्त होगी और सजावटी पौधे भी लगाए जाएंगे। उक्त क्रम में प्रभागीय निदेशक कार्यालय परिसर व जनपद के समस्त रेंज कार्यालय परिसर में वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान अंतर्गत साफ सफाई की गई।

## सार संक्षेप

### विद्युत उपकेंद्र 132 पर एक घंटे प्रभावित रहेगी बिजली आपूर्ति

वेलकम इण्डिया

**सिद्धार्थनगर।** शहर के 132 विद्युत उपकेंद्र पर 132 केवी मेन बस पीटी तकनीकी सेटिंग के लिए सोमवार को सुबह नौ बजे से 10 बजे तक एक घंटे बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसमें 33 केवी नौगढ़, माधव गोविंद, बर्डपुर, विश्वविद्यालय, पकड़ी, कोर्ट, श्याम सुंदर मिल, रेहरा, मेडिकल कॉलेज, उसका बाजार व जोगिया फीडर की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उपखंड अधिकारी एके पासवान ने बताया कि 132 केवी मेन बस पीटी का टैन डेल्टा सेटिंग के लिए एक घंटा बिजली कटौती की जाएगी। लोग पहले से इसकी तैयारी कर लें। उसके बाद निर्धारित समयानुसार बिजली का संचालन बहाल कर दिया जाएगा।

### बरसाना में एसआईआर का दो दिवसीय कैंप का आयोजन



**मथुरा/बरसाना।** पूरे देश में एसआईआर का कम चल रहा है जिसके लिए 7 दिन और बढ़ा दिए गए है और सभी जगह दो दिन का मेघा कैंप लगाया जा रहा है ।शनिवार ओर रविवार को दो दिवसीय मेघा कैंप लगाया जा रहा है जिसके अंतर्गत एसआईआर का कम किया जा रहा है । लोगों को मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रकफ) अभियान के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। प्रत्येक मतदाता का घर घर जाकर एसआईआर फॉर्म भरा जा रहा है और इसके लिए लगातार मुनादी भी कराई जा रही है और जनसंपर्क भी किया जा रहा है। जिलास्तर पर अब नगर पंचायत ओर बीएलओ के साथ मतदाताओं की खुली बैठके की ज रही है। इसके लिए जिला स्तर पर दो दिवसीय मेघा कैंप लगाए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत प्राइमरी स्कूल और राधा बिहारी इंटर कॉलेज मेघा कैंप आयोजित किए गए ।कैम्प के माध्यम से सभी के फॉर्म पूरे किए गए ।इस कैंप में प्रधानाचार्य कमल कुमार गौड़, सभासद चंद्रशेखर, सभासद प्रतिनिधि विवेक अग्रवाल, रवि शर्मा, आकाश, गौरव शर्मा, कन्हैया, रामभरोसी, मुकेश शर्मा, प्रवीण चौहान और सभी बीएलओ मौजूद रहे ।

### बसपा नेता सुरेश सिंह ने दलित प्रेरणा स्थल पहुँचकर बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि द



**मथुरा/नोएडा।** राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल, नोएडा में सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव रामजी आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद उपस्थित रहे। इस अवसर पर बसपा के वरिष्ठ नेता सुरेश सिंह ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर ने सामाजिक समरसता और समान अधिकारों के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी, आंबेडकरवादी विचारधारा एवं संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर संकल्पित है। कार्यक्रम में मथुरा से बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। साथ मे शामिल रहे जिला अध्यक्ष नरेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन सिंह, सत्य प्रकाश कर्दम, हेमंत कुमार, उमेश कर्दम, श्याम बिहारी, बबलू कुमेरिया, राजा राम निगम, अनिल बघेल, पवन बघेल, योगेंद्र सिंह आदि।

# नि :शुल्क चर्म रोग शिविर लगाया मरीजों को मिला उपचार दवा भी बांटी

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** जनपद के साड़ी चौराहा के पास कृषि भवन के सामने स्थित एम.बी.आर हॉस्पिटल पर रविवार को आधुनिक मशीनों द्वारा चर्मरोग का फ्री कैम्प का आयोजन किया गया।

एमबीबीएस और एम डी व स्क्रीन वी. डी. डा. ए. खान के द्वारा चर्म रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले शिविर में आसपास के ग्रामीण इलाकों से आए मरीजों का इलाज डॉक्टर ए. खान ने किया। शिविर में मरीजों को परामर्श के साथ निशुल्क दवाएं भी दी गई। डाक्टर ए. खान ने बताया ग्रामीण क्षेत्रों में चर्म रोगों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है ।सबसे ज्यादा चर्मरोग मे सफेद दाग के मरीज आये ऐसे में विशेषज्ञ डॉक्टर से इलाज की शुरूआत राहत देने वाली है। संसाधनों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण इलाज से वंचित रह जाने वाले मरीज तक निशुल्क सुविधा पहुंचना बड़ी उपलब्धि है।

डॉ. ए. खान (चर्म रोग, गुप्त रोग एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ) ने बताया कि उनका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को त्वचा एवं बालों की समस्याओं के लिए महानगरों में जाने की आवश्यकता को समाप्त करना है।

उन्होंने बताया कि यह फ्री कैंप में आधुनिक मशीनों द्वारा चर्म रोग की जाँच के साथ निःशुल्क दवा भी वितरण किया जा रहा है ।उन्होंने कहा सेवा ही धर्म की भावना के साथ यह शिविर जनसेवा की मिसाल बन गया।

# कृष्णाश्रय गुरुकुल सेड़ी का वार्षिक समारोह संपन्न

प्रसिद्ध कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की




वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** कृष्णाश्रय फाउंडेशन द्वारा संचालित कौशल विकास केंद्र कृष्णाश्रय गुरुकुल सेड़ी का वार्षिक समारोह 2025 शनिवार को रंगारंग माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा, उपलब्धियों और सामुदायिक विकास की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में प्रसिद्ध डांसर एवं कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने प्रशिक्षुओं से बातचीत करते हुए कहा कि कृष्णाश्रय गुरुकुल जैसे कौशल केंद्र ग्रामीण युवाओं को आत्मविश्वासी, कुशल और वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का आयोजन जतीपुरा स्थित कृष्णाश्रय गुरुकुल परिसर में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक किया गया। बड़ी संख्या में प्रशिक्षु, अभिभावक, उद्योग प्रतिनिधि और स्थानीय समुदाय के लोग उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में अनेक प्रशिक्षुओं ने अपनी सफलता की कहानियाँ साझा कीं—जिसमें रोजगार प्राप्त करने वाले, स्वयं का व्यवसाय शुरू करने वाले और उच्च शिक्षा की ओर बढ़ते युवा शामिल थे।

# गायत्री शक्तिपीठ में में स्वास्थ्य मेले के साथ श्री राम आयुष केन्द्र का संचालन




वेलकम इंडिया

**लखनऊ ।** श्रीराम आयुष केन्द्र, गायत्री शक्तिपीठ, रामपुर-देवरई, बक्शी का तालाब, में महिला स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आरुषि मेडिकल सेन्टर, अलीगंज की डॉ० कविता मिश्रा रही। स्वागत के क्रम में मुख्य अतिथि को मंत्र दुपट्टा तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अध्यक्ष मेजर वी०के० खरे द्वारा मुख्य अतिथि तथा गणमान्य नागरिकों का सहृदय अभिनन्दन किया गया। उन्होंने कहा कि इस केन्द्र पर होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, फिजियोथिरैपी, एक्यूप्रेशर, मर्म चिकित्सा तथा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा हजारों आगंतुकों को लगातार लाभ प्राप्त हो रहा है ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा श्रीराम आयुष केन्द्र पर संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य गतिविधियों की सराहना की गयी।

स्वास्थ्य मेले में उपस्थित सभी छात्राओं और महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया गया ।इस अवसर पर प्रख्यात समाज सेवी श्री जे०पी० सिंह, धनपाल सिंह फौजी, यशपाल सिंह, तृप्ति सिंह, पुनीत खरे, गिरिजा शंकर तिवारी, पवन मिश्रा आदि सहित सैकड़ों गणमान्य महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# मंदिर में गणेश लक्ष्मी व शिवलिंग की मूर्तियां खंडित, एक व्यक्ति गिरफ्तार

वेलकम इण्डिया संजीव कुमार गुप्ता



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** इटवा थाने के शाहपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम जलकरी उर्फ खजुहा में रविवार दोपहर एक मूर्ति तोड़े जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हलचल मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। यह मूर्ति गांव से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थापित थी, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने क्षतिग्रस्त कर दिया।

स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद इटवा पुलिस और शाहपुर चौकी की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार, घटना के पीछे की वजह और इसमें शामिल व्यक्तियों की पहचान जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

इस घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई है। हालांकि, प्रशासन ने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में बताया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या तनाव फैलने नहीं दिया जाएगा और मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

फिलहाल, मौके पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

प्रशासन ने लोगों से संयम बरतने और पुलिस जांच में सहयोग करने की अपील की है। डुमरियागंज के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मामले में कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## थाना बाबूगढ में कोतवाल मुनीश प्रताप सिंह का जन्मदिवस धूम धाम से मनाया गया

**हापुड़।** जिले के थाना बाबूगढ़ पर अपनी नेकी व ईमानदारी के साथ थाना अध्यक्ष पद पर कार्यरत होनहार मुनीश प्रताप सिंह का 55वे जन्मदिवस के शुभ अवसर पर थाना बाबूगढ़ पुलिस स्टाफ द्वारा गोले, पटाखे छोड़कर बड़े धूम धाम से मनाया। जिसमें स्टाफ द्वारा गिफ्ट देकर उज्वल भविष्य स्वस्थ एवं दीघार्यु की कामना की। वहीं मुनीश प्रताप सिंह ने सभी स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया। आपको बता दे कि अपने कार्य के प्रति कर्तव्यों का पालन सर्वप्रथम प्रत्येक परियोजना को बहुत व्यवस्थित तरीके से पूरा करना जो कि उनके प्रति आदर, सम्मान और सहयोग को दशार्ता है। उज्जवल भविष्य व लम्बी उम्र की कामना करते हुए आपके जन्मदिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

# पुलिस पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** दबिश के दौरान पुलिस पर हमलावर हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो आरोपियों को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को मुठभेड के बाद मथुरा पुलिस ने दबोचा है। मुठभेड के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी है। थाना गोवर्धन पुलिस और एंटी-रिवार्डेड टीम की संयुक्त कार्रवाई में राजस्थान के डीग इलाके का वांछित अपराधी संजय उर्फ आकाश पुलिस मुठभेड़ में घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपी संजय, पुत्र मनसो उर्फ मानसिंह, निवासी इकलहरा, थाना कोतवाली डींग (राजस्थान), कई गंभीर मामलों में लंबे समय से वांछित था। घटना कुंजीलाल तिराहा पर उस समय हुई, जब गोवर्धन पुलिस नियमित चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस को देखते ही दोनों बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी और तेजी से बाईपास की ओर भाग गए। पुलिस ने तत्काल पीछा किया। जब टीम ने उन्हें पकडने का प्रयास किया तो दोनों बदमाशों ने पुलिस पर जानलेवा हमला करते हुए एक बार फिर गोलियां चलाई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश संजय उर्फ आकाश के दाहिने पैर में गोली लग गई और वह मौके पर गिर पडा। वहीं दूसरा बदमाश जंगल की ओर भाग निकला, जिसकी तलाश में पुलिस का कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी है। गिरफ्तार आरोपी संजय उर्फ आकाश इकलहरा गांव में गोवर्धन पुलिस टीम पर हुए हमले में भी शामिल था। पुलिस उस घटना के बाद से ही उसकी तलाश तेज किए हुए थी पुलिस ने घायल आरोपी को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुँचाया, जहां उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

प्राथमिक पूछताछ में उसके खिलाफ राजस्थान और उत्तर प्रदेश दोनों जगहों पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। मौके से पुलिस को एक अवैध हथियार, जिंदा कारतूस और घटनास्थल पर छोडी गई मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह मुठभेड गोवर्धन क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों के खिलाफ एक बडी सफलता है और फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाता दबिश दे रही हैं।

# बहन की लगन सगाई में जा रहे युवक नहर में गिरे, तीनों की मौत

वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन ।** राधाकुण्ड वाईपास मार्ग पर पी डब्लूडी अधिकारियों की लापरवाही ने बाइक सवार तीन युवकों की जान ले ली। रविवार रात बाइक सवार युवक चचेरी बहन की लगन सगाई में शामिल होने के लिए राधाकुण्ड जा रहे थे। बाइक तेज गति में थी, राधाकुण्ड रजवाह पर तीव्र मोड़ होने के चलते बाइक अनियंत्रित होकर रजवाह में जा गिरी। यहां रेलिंग होती तो शायद तीन युवकों की जिंदगी बच सकती थी।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव रजवाह से निकाल कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिए हैं। गौरतलब है कि कस्बा राधाकुण्ड के जाटव मोहल्ला में रविवार की देर सांय मथुरा थाना हाइवे क्षेत्र स्थित मासूम नगर से लगन सगाई आई थी। इस लगन सगाई में शामिल होने के लिए लड़की के चचेरे भाई कन्हैया, अकुंश, और प्रवीन निवासी मासूम नगर बाइक पर सवार होकर राधाकुण्ड जा रहे थे।

राधाकुण्ड वाईपास मार्ग स्थित रजवाह के समीप तीव्र मोड़ बाइक अनियंत्रित होकर रजवाह में जा गिरी। इस हादसे में कन्हैया अंकुश और प्रवीन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं मौके पर पहुंची राधाकुण्ड चौकी पुलिस ने रजवाह से मृतकों के शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

थानाध्यक्ष रवि त्यागी ने बताया कि बाइक सवार युवक सगाई लगन में शामिल होने राधाकुण्ड जा रहे थे, वाईपास पर हुए हादसे में तीनों युवकों की मौत हुई हैं। शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेज दिए हैं। वहीं पीडब्लूडी के जेई राहुल शर्मा ने बताया कि वाईपास निर्माण के समय वहां लोहे की रेलिंग लगाई गई थी, रेलिंग को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए जिसके संबंध में थाने में तहरीर दी गई थी, थाना पुलिस ने आज तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया 108 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने बागेश्वर दौरे के दूसरे दिन, केदारेश्वर मैदान, कपकोट में आयोजित जन सम्मेलन में प्रतिभाग किया। जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। तथा कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री ने 108 करोड़ रुपये की 42 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें लगभग 62 करोड़ की 24 योजनाओं का लोकार्पण तथा 45.95 करोड़ की 18 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूली बच्चों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई।सीएम धामी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया।जिसके बाद कार्यक्रम स्थल मंच पर पहुंच कर लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि जनता की विशाल उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार विकास के सही मार्ग पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया सरकार द्वारा गरीब वर्ग, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने ह्यमानस खंड मालाह्न परियोजना के तहत धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की प्रगति की जानकारी साझा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकालीन पर्यटन की नई पहल से प्रदेश में वर्षभर पर्यटन गतिविधियाँ बढ़ेंगी और स्थानीय लोगों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्यरत है और वन डिस्ट्रिक्टझ्टू प्रोडक्ट के तहत बागेश्वर की पारंपरिक ताम्र शिल्प को राष्ट्रीय पहचान मिल रही है। सरयू एवं गोमती नदियों के संरक्षण कार्य निरंतर प्रगति पर हैं, वहीं बागेश्वर रेल लाइन का सर्वेक्षण भी पूर्ण हो चुका है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि गरुड़ अस्पताल का उच्चीकरण किया जाएगा, जिससे स्थानीय जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।साथ ही गोल्ज्यू मंदिर के सौंदर्यीकरण करने, सरयू नदी के संगम तट सरमूल के विकास, सहित 18 विकास योजनाओ को अपने स्तर से मुख्यमंत्री कार्यालय में परीक्षण के बाद घोषणा करने की बात कही।इसके साथ ही विभिन्न स्वायत सहकारिता एवं स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता के चेक प्रदान किए गए। जिसमें संकल्प स्वायत सहकारिता समूह सीएलएफ (हर्षिला) को तीन करोड़ 23 लाख, ऊर्जा स्वायत सहकारिता सीएलएफ को 22 लाख 50 हजार,एनआरएलएम की महिला स्वयं सहायता समूह और जय गोलू देवता स्वयं सहायता समूह को पांच-पांच लाख के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंड़े, जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, बागेश्वर विधायक पार्वती दास, दर्जा राज्यमंत्री भूपेश उपाध्याय व शिव सिंह विष्ट,जिपं उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल,ब्लाक प्रमुख कपकोट भावना शाही, गरुड़ प्रमुख किशन बोरा, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, कपकोट नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी, एसपी चंद्रशेखर घोड़के, सीडीओ आर.सी. तिवारी,एडीएम एन एस नबियाल,भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार और घनश्याम जोशी, सांसद प्रतिनिधि और पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम शाही,सहित लगभग ढाई हजार से अधिक संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



## क्रिसमस का जश्न : संडे स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुत किया अद्भुत कार्यक्रम



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** सिटी चर्च में आयोजित क्रिसमस कार्यक्रम में संडे स्कूल के बच्चों ने अपने शिक्षकों सीमा गुरंग और नम्रता ब्राउन के निर्देशन में एक अद्भुत कार्यक्रम प्रस्तुत किया मुख्य आराधना झाँसी धर्मप्रान्त के वरिष्ठ धर्मगुरु रेव.राजेंद्र सिंह जी के पुरोहिताई नेतृत्व में संपन्न हुई। रेव. राजेंद्र सिंह जी ने बच्चों के प्रदर्शन की प्रशंसा की और उनके शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी जिन्होंने बच्चों को प्रशिक्षित किया बच्चों ने समूह गीत स्किट नृत्य नाटक और नैटिविटी प्ले के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म की कहानी को प्रस्तुत किया शायना हर्षिका अनामिका अर्पण एंजेल फियोना निमरोद तारुश शकायना मिशेल इशिका आराध्या सैमसन अनुग्रह अविशा अनाया सारा शॉन, केजिया उपस्तिथ रहे।

## सार संक्षेप

### निमोनिया ने ली मासूम की जान,परिवार मे कोहराम

**कांधला।** नगर के मोहल्ला कानूनगोयान में नौ माह की मासूम बच्ची की निमोनिया के कारण हालत बिगड़ने से इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।सर्दी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही क्षेत्र में छोटे बच्चों में सर्दी-जुकाम और निमोनिया के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चों की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन यहां बच्चा रोग विशेषज्ञ,पीडियाट्रिशियन की तैनाती नही होने से परिजनों को परेशान होना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं की यह कमी कई मासूमों के लिए खतरा बनती जा रही है।कस्बे के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी सिद्धार्थ की नौ माह की बेटी निर्विका को सर्दी, खांसी और तेज बुखार होने पर परिजनों ने डॉक्टर को दिखाया, जहां निमोनिया की पुष्टि हुई। बच्ची को तुरंत एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में सुधार नही होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्यवश रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।परिजनों ने गमगीन माहौल में शव को दफना दिया है।

### बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसलने से दंपति घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई बाइक पर सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस की मदद से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मुजफ्फरनगर निवासी सरवन अपनी पत्नी राखी के साथ बाइक पर सवार होकर शनिवार की देर रात कस्बे में आ रहा था। बाइक सवार पति-पत्नी जैसे ही थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग रेलवे फाटक पर पहुंचे तो अचानक से बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। बाइक सवार पति-पत्नी जमीन पर गिर कर घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### धार्मिक स्थल की जमीन पर नलकूप लगाने पर टीम गठित

**कांधला।** श्री रामलीला कमेटी की भूमि पर निजी नलकूप लगाए जाने की शिकायत पर विद्युत विभाग में दो सदस्य समिति की टीम गठित कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बा निवासी आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज अध्यक्ष प्राचीन श्री रामलीला पंचवटी मंडप ट्रस्ट कैराना रोड रामलीला मैदान ने विद्युत विभाग में शिकायती पत्र देकर खुलासा किया कि रामलीला मंडप की जमीन पर प्रबंधक ने निजी नलकूप का बिजली कनेक्शन ले रखा है, जबकि जमीन का मालिकाना हक कैलाशचंद पुत्र भगवती प्रसाद के नाम दर्ज है। 31 सितंबर को दी गई इस शिकायत के बाद विद्युत विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिशासी अभियंता रविन्द्र कुमार ने एसडीओ-प्रथम बिनीत कुमार की अध्यक्षता में दो सदस्यीय जांच दल बनाया है। दल को विभागीय नियम-कानून के तहत सभी पहलुओं की गहन जांच कर एक हफ्ते में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

## मानवता के कल्याण के लिए वन गए थे राम : जगतगुरु श्री रामदिनेशाचार्य जी महाराज

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** प्रेमनगर खातीबाबा क्षेत्र स्थित श्री गौड़ बाबा सिद्धाश्रम पर श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के सप्तम दिवस में समस्त भक्तों ने कथा श्रवण की उसके बाद सप्तम दिवस की कथा का प्रारंभ श्रीरामचरितमानस एवं पुराणों के पूजन-अर्चन के साथ हुआ और श्री राम कथा के सप्तम दिवस में कथा श्रवण कराते हुए अंतराष्ट्रीय कथा व्यास अयोध्या धाम के हरिधाम पीठ पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी श्री रामदिनेशाचार्य जी महाराज ने राम वनगमन की कथा सुनाई और राम वनगमन की कथा सुनकर श्रोता अक्सर भाव-विभोर हो जाते हैं क्योंकि यह कथा मयार्दा, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग और आदर्श पारिवारिक मूल्यों को दशार्ती है। और कहा कि भगवान राम का वन गमन सिर्फ पिता का आदेश नहीं था, न ही रानी कैकेयी का हाथ था बल्कि यह तो स्वयं नारायण की इच्छा थी। निमित्त बने गुरु वशिष्ठ। गुरु वशिष्ठ चाहते थे कि रावण के अत्याचार से मानवता को मुक्ति मिले।

वही स्थान सबसे बड़ा है। यह कथा धर्म, कर्तव्य, त्याग और प्रेम का प्रतीक है, जिसे सुनकर लोग भावुक हो जाते हैं और प्रभु राम के जीवन के आदर्शों को महसूस करते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण की व एक कुंडीय यज्ञ में सभी भक्तों ने आहुति देकर यज्ञ की परिक्रमा की। सर्वप्रथम पूजन-अर्चन मुख्य यजमान श्रीमती रूपम - पं.मैथली मुदगिल, श्रीमती सुधा गणेश खरे, श्रीमती पदमा शम्भू शरण द्विवेदी ने किया व कार्यक्रम में धर्मगुरु संत रूप मे पूज्य आचार्य कैलाश पाठक जी महाराज व आचार्य राजीव पाठक जी महाराज भी शामिल हुए तथा इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रीमती शांति सत्यप्रकाश शर्मा, पं.नितिन चतुर्वेदी, दिलीप मुदगिल, रामजी परिहार, कपिल मुदगिल, डॉ.प्रदीप पांडेय, जगदीश बाथम, देवेंद्र रायकवार, आदेश चतुर्वेदी, प्रवीण शास्त्री, आलोक शास्त्री, हरिओम शास्त्री, अनिल रिछारिया, केशवदास एवं महिला मंडल में मांडवी चतुर्वेदी, सहारा चतुर्वेदी, मानु पांडेय, नेहा पटैरिया सहित आदि भक्तगण उपस्थित रहे व कार्यक्रम का संचालन मुख्य संचालक प्रधानाचार्य पं.सियारामशरण चतुर्वेदी ने किया।

## खाकी वर्दी में शराबी होमगार्ड का वीडियो वायरल हुआ

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** थाना क्षेत्र निवासी एक होमगार्ड का वर्दी में शराब के नशे में चूर सड़क पर गिरते,पड़ते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, वायरल वीडियो में दो लोग शराबी होमगार्ड को सहारा देते हुए नजर आ रहे हैं। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी संदीप कुमार होमगार्ड के पद पर तैनात है। जिसकी तैनाती थाने पर चल रही है। रविवार को होमगार्ड संदीप का एक वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

वायरल वीडियो में होमगार्ड सड़क पर झूमते हुए नजर आ रहा है। जिसमें दो लोग होमगार्ड को पकड़कर सहारा देते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। वर्दी की गरिमा को तार-तार करते हुए होमगार्ड ने शराब का सेवन किया जिसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल



कर दिया। गौरतलब है कि पूर्व में भी होमगार्ड का कई बार शराब के नशे में धूत व सड़क पर गिरते पड़ते वीडियो वायरल हो चुका है।

होमगार्ड कमांडेड की लापरवाही के चलते फिर से होमगार्ड को तैनाती दी गई है। इसके बावजूद भी होमगार्ड अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।और होमगार्ड लगातार वर्दी की गरिमा को शर्मसार करते हुए शराब का सेवन कर लेता है। फिलहाल तो शराबी होमगार्ड का वर्दी में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है पुलिस अधिकारियों ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

## पंचकल्याणक महामहोत्सव में तृतीय दिवस अति विशिष्ट अतिथि एवं समाज गौरव राकेश कुमार जैन का हुआ सम्मान





**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**

**मेरठ।** पंचकल्याणक महामहोत्सव के तृतीय दिवस पानडुकशिला में श्री जी को विराजमान कर अभिषेक की क्रियाओं के साथ के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अति विशिष्ट अतिथि एवं समाज गौरव राकेश कुमार जैन (अखिल भारतीय सह पर्यावरण प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) के रूप में का आगमन हुआ उनका साधु सेवा समिति के चेयरमैन वीरेंद्र जैन (पुष्प ज्वेलर्स) द्वारा स्वागत सम्मान किया गया उन्होंने उपाध्याय श्री 108 वृषभानंद महाराज को बड़े ही भक्ति भाव से श्रीफल भेंट किया और अपने उद्बोधन में संदेश दिया कि *(पेड़ लगाए पानी बचाएं पॉलिथीन हटाए)* हमारे देश के लिए पॉलिथीन संकट बहुत बड़ा अभिशाप है यह 400 साल तक भी नहीं गलता इसके इस्तेमाल से हम सबको बचना चाहिए अपने जन्म दिवस वैवाहिक दिवस व अन्य शुभ अवसरों पर हमें पेड़ लगाने चाहिए अन्यथा एक दिन ऐसा आएगा कि हमें ऑक्सीजन सिलेंडर अपनी कमर पर लात कर चलना पड़ेगा

उपाध्याय श्री अपने उद्बोधन में 16 सपनों के विषय में विस्तार से बताया जहां तीर्थंकर जन्म लेते हैं वहां 14 करोड़ रतन की वर्षा प्रतिदिन होती है हमें अपने बच्चों में संस्कार डालने चाहिए पंचकल्याणक महामहोत्सव में सहभागिता करने का अवसर बड़े पुण्य भागों से मिलता है। युवा पीढ़ी धर्म से दूर होती जा रही है आज बीमारियों की मुख्य वजह हमारा खानपान है जैसा खाओगे अन्य वैसा होगा मंन जैसा पियोगे पानी वैसी होगी वानी संदेश दिया उपस्थित जन समूह को बहुत-बहुत आशीर्वाद दिया।

प्रतिष्ठाचार्य ने आज की सभी धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराई दोपहर में माता की गोद भराई बहुत ही विशाल रूप में संपन्न हुई कार्यक्रम चेयरमैन वीरेंद्र मंदिर पुणयार्जक परिवार प्रदीप जैन दीपक जैन ऋषभ जैन अजय जैन आलोक जैन विपिन जैन संजीव जैन (प्रवक्ता) संजय जैन कलश अभिनव जैन प्रदीप जैन मुकेश जैन नवीन जैन आदि उपस्थित रहे।

## घर के बाहर खड़े युवक के साथ मारपीट, दो पर मुकदमा दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** नगर के मोहल्ला रायजादगान में पुरानी रंजिश के चलते दो पड़ोसी दो लोगों ने एक युवक पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था।चिकित्साकों ने हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित की मां ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले की तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मोहल्ला रायजादगान निवासी लीला देवी पत्नी मोहन लाल नेथाने में दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा श्रीपाल उम्र करीब 25 वर्ष 21 नवंबर की शाम किसी काम से घर से बाहर जा रहा था। रास्ते में पड़ोस में ही रहने वाले सलेक और विकास ने उसे रोक लिया। दोनों ने पहले अभद्रता की, गाली-गलौज की और इसके बाद लाठी-डंडों से श्रीपाल पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से श्रीपाल लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हुए तो दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

परिजनों ने आनन-फानन में श्रीपाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़िता मां लीला देवी ने सलेक और विकास के खिलाफ जानलेवा हमला, मारपीट, गाली-गलौज व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# नमो भारत स्टेशनों पर यात्रियों की सुरक्षा हेतु चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**

■ यात्रियों को दी गई एस्कलेटर सुरक्षा नियमों की जानकारी

**मेरठ।** एनसीआरटीसी यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सदैव गंभीर और संवेदनशील रहा है। इसी दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नमो भारत स्टेशनों पर एस्कलेटर (स्वचलित सीढ़ियों) के सुरक्षित उपयोग को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मुहिम का उद्देश्य यात्रियों को एस्कलेटर से जुड़े सुरक्षा नियमों की जानकारी देना और सुरक्षित यात्रा के सामाजिक व्यवहार को बढ़ावा देना है।

इस विशेष अभियान के तहत एनसीआरटीसी एवं दिल्ली-गाजियाबाद- मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के संचालन एवं रखरखाव भागीदार, डीबी आरआरटीएस इंडिया के स्टाफ ने विभिन्न नमो भारत स्टेशनों पर यात्रियों को एस्कलेटर के उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया और सभी से इन सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। अभियान के प्रथम चरण में आनंद विहार, गाजियाबाद और मेरठ साउथ जैसे अधिक भीड़भाड़ वाले नमो भारत स्टेशनों को चुना गया ताकि अधिक से अधिक यात्रियों तक यह संदेश पहुंचाया जा सके।

अभियान के दौरान स्टाफ ने यात्रियों को बताया कि एस्कलेटर का उपयोग करते समय बच्चों का हाथ



थामे रखें, हमेशा हैंडरेल का सहारा लें, जल्दबाजी या धक्कामुक्की से बचें, मोबाइल का उपयोग न करें, भारी या बड़े सामान के साथ एस्कलेटर की जगह लिफ्ट का प्रयोग करें और आपात स्थिति में तुरंत इमरजेंसी बटन दबाएं।

इस अभियान के दौरान विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया, क्योंकि एस्कलेटर के उपयोग के दौरान बच्चों के साथ दुर्घटना की संभावना अधिक रहती है। इस दौरान स्टाफ ने खास तौर से ऐसे यात्रियों से संवाद किया जो अपने बच्चों के साथ यात्रा कर रहे थे। उन्हें समझाया कि बच्चों का हाथ मजबूती से थामे रखें, बच्चों को एस्कलेटर के किनारों से दूर रखें, एस्कलेटर पर भागदौड़ न करने दें तथा बच्चों को खेल-खेल में एस्कलेटर पर चढ़ने-उतरने से रोकें।

यात्रियों को जागरूक करने के लिए स्टेशन परिसर में जगह-जगह बैनर और पोस्टर भी लगाए गए, जिनके माध्यम से यात्रियों को एस्कलेटर सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी गई। इसके साथ ही, एनसीआरटीसी और दिल्ली- गाजियाबाद- मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के संचालन एवं रखरखाव भागीदार, डीबी आरआरटीएस इंडिया के स्टाफ ने ट्रेनों के अंदर यात्रियों से सीधे संवाद कर उन्हें इन सुरक्षा उपायों की जानकारी दी और अपील की कि इन नियमों का पालन करें ताकि आपकी और दूसरों की यात्रा सुरक्षित और सुखद रहें।

अभियान के दौरान यात्रियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया गया और उन्हें सुरक्षा संबंधी निर्देश समझाए। यात्रियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी जागरूकता गतिविधियाँ न केवल सुरक्षा के दृष्टिकोण से लाभकारी हैं, बल्कि यह जिम्मेदार यात्री व्यवहार को भी प्रोत्साहित करती हैं।

एनसीआरटीसी द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी स्टेशनों और ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे 24 घंटे निगरानी की जाती है। प्रत्येक स्टेशन पर एक पुलिस रूम की व्यवस्था है, जिसकी सेंट्रल सिक्योरिटी कंट्रोल सेंटर द्वारा की जाती है। यहाँ सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से स्टेशन परिसर के अंदर और आस-पास 24७7 निगरानी रखने के साथ जानकारी एकत्र की जाती है और परिस्थितियों की आवश्कता अनुसार संबंधित स्टेशनों, क्षेत्रीय अधिकारियों, स्थानीय इकाइयों आदि से संपर्क करके त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है। यात्रियों की सुरक्षा जांच प्रवेश द्वार पर मल्टी-जोन डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (ऊऋटऊ) के माध्यम से की जाती है, जिससे नमो भारत की यात्रा न केवल सुविधाजनक बल्कि पूर्णतः सुरक्षित भी बनी रहे।

वर्तमान में 82 किमी लंबे दिल्ली -गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर का न्यू अशोक नगर और मेरठ साउथ के बीच 55 किलोमीटर लंबा सेक्शन 11 स्टेशनों के साथ जनता के लिए परिचालित है और शेष खंड को जल्द ही जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

# हापुड़ के लुहारी गांव में केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी पहुंचे, कारगिल युद्ध में शहीद हुए नायक सतपाल सिंह की मूर्ति का अनावरण किया

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के ग्राम लूहारी में आज राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी पहुंचे।

यहां पहुंचकर उन्होंने कारगिल युद्ध में शहीद हुए लूहारी गांव के नायक सतपाल सिंह की मूर्ति का अनावरण किया मूर्ति अनावरण के दौरान उनके साथ शहीद नायक सतपाल सिंह की पत्नी व उनके परिवार के लोग भी मौजूद थे आपको बता दें थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र ग्राम लूहारी निवासी नायक सतपाल सिंह कारगिल युद्ध में शहीद हो गए थे जिनकी स्मृति में उनके परिवार के लोगों ने कारगिल शहीद नायक सतपाल सिंह की मूर्ति बन वाई थी जिसका राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी द्वारा आज अनावरण किया गया इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया के कारगिल युद्ध में अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले नायक सतपाल सिंह परिवार के लोग सहित इस क्षेत्र के लोग उनके बलिदान को हमेशा याद रखेंगे इस क्षेत्र के लोगों में देश के प्रति जो श्रद्धा है आने वाले समय में जब यहां के युवा इस मूर्ति को देखेंगे तो उनके अंदर भी देश सेवा का जज्बा जागेगा आज हमारा आर्म फोर्स का फ्लेग डे भी है कारगिल युद्ध में जिस तरह से हमारे देश के वीर सैनिकों ने अपनी शहादत देते हुए देश के अखंडता को कायम रखा था उसके लिए सभी कारगिल युद्ध में शहीद हुए सभी वीर सपूतों को हम श्रद्धांजलि देते हैं साथ ही केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि शाहिद नायक सतपाल सिंह के बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा।



# आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक ने वाराणसी स्टेशन पर सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म एवं टिकट घर की किया चेकिंग

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी एवं डॉग स्क्वाड के द्वारा स्टेशन वाराणसी पर अभियान चलाकर सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म एवं टिकट घर की सघन चेकिंग की गई इस दौरान यात्रियों से अपील की गयी कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति का लिया दिया ना खाएं ना पिए जिससे वह किसी जहर खुरानी का शिकार ना हो यदि यात्रा के दौरान कोई भी समस्या होती है तो डायल 139 के माध्यम से तुरंत सूचना दें गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने तथा रेलवे सुरक्षा बल का सहयोग करने की अपील की गई सीसीटीवी कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है।

वाराणसी कैंट स्टेशन आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव के निर्देशन में रविवार को कैंट स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर विशेष अभियान चलाकर चेकिंग की गई

आरपीएफ वाराणसी द्वारा वाराणसी स्टेशन इनगेट रेल परिसर में ठेला लगाकर खाद्य सामग्री बेचने के जुर्म में एक व्यक्ति तथा आरपीएफ वाराणसी व सीआइबी वाराणसी द्वारा संयुक्त रूप से ट्रेनों में अनाधिकृत रूप से खाद्य पदार्थ बेचने के जुर्म में तीन व्यक्तियों, कुल चार व्यक्तियों/वेंडरों के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 144 में मामला पंजीकृत किया गया तथा वाराणसी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच पर न्यूसेंस करने के जुर्म में दो महिलाओं के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा 145 में मामला पंजीकृत किया गया।

# समाज सेवक रूपेश गुप्ता का मनाया गया 52वां जन्मदिन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** गुरुनानक स्कूल शिवपुर स्थित रूपेश गुप्ता के आवास पर लिब्रम संस्था के बैनर तले उनके परिवार और सम्मानित अतिथियों द्वारा समाज सेवक रूपेश गुप्ता का बावनवा जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ चितरंजन सिंह, राजेश सिंह एवं दैनिक समाचारपत्र ज्ञानशिखा टाइम्स के वरिष्ठ पत्रकार डाक्टर लियाकत अली जलज के द्वारा माल्यार्पण और अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित करके उनके जन्मदिन पर शतायु होने की कामना करते हुए लोगों ने जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर रूपेश गुप्ता ने कहा कि मेरे मित्र ही मेरे धन संपदा है जीवन में मित्रो के प्यार का एहसास ही मेरे लंबी उमर की कहानी कहती है ईश्वर मेरे मित्रो दोस्तों हमेशा सलामत रखें।

# उम्मीद रोशनी ने किया बुजुर्गों का सम्मान




**झाँसी।** उम्मीद रोशनी की समाजसेवी संस्था द्वारा 10वां स्थापना दिवस वृद्धाश्रम सिद्धेश्वर नगर आईटीआई पर मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे उपसभापति नगर निगम प्रियंका साहू जी ,विशेष अतिथि सागर भट्ट जी समाज कल्याण विभाग की उपस्थिति रही। इस अवसर पर अतिथियों ने समाजसेवी संस्था के समाज के प्रति कार्यो की सराहना की और भलाई के इस पथ को और बेहतर बनाने हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत किये । संस्था समय समय पर वृद्धाश्रम जाकर इसमे रहने वाले बुजुर्गो के लिए जो भी बन पाए करने का पूर्ण प्रयास करती रहती है। विगत दस वर्षों से समाज के हर वर्ग की भलाई हेतु समर्पित है यह संस्था। इस सुअवसर पर नेक कामों मे लिप्त रहने वाले ,सेवा के प्रति समर्पित समाजसेवी भाइयो को प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा उनका आभार प्रकट किया, उसके उपरांत संस्था सदस्यों ने सभी आए हुए अतिथियों का मोमेंटो देकर सम्मान किया। अतिथियों ने संस्था के सदस्यो के कार्यो के सराहना की। अंत मे अतिथियों के माध्यम से संस्था द्वारा बुजुर्गो को गरम मोजे व टोपे वितरित किये गये। सभी को स्वल्पाहार करवाया गया व मुँह मीठा करवाया गया। वैसे तो वृद्धाश्रम होने ही नहीं चाहिए लेकिन समाज के कुछ लोगो की सोच बदलना नामुमकिन है। ये समाज के मुँह पर एक तमाचा है। हम सभी को इस पर चिंतन करना चाहिए। संस्था के दसवे स्थापना दिवस कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के सुरेन्द्र खाती, संदीप कंचन, विजित चतुवेर्दी. अब्दुल निजाम रोहित श्रीवास, धर्मेंद्र यादव मोहन सिंह , आकांक्षा परिहार, दीक्षा कुमारी ,मुफ्ती इमरान नदवी संस्था अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# महबूब पठान लगातार चौथी बार निर्विरोध चुने गए मेहदावल तहसील अध्यक्ष



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मेहदावल तहसील इकाई का पुनर्गठन एवं परिचय पत्र वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार महबूब पठान को सर्वसम्मति से लगातार चौथी बार निर्विरोध तहसील अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन की घोषणा होते ही उपस्थित पत्रकार साथियों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का आयोजन महबूब पठान द्वारा किया गया, जबकि मंच का कुशल संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुनील अग्रहरि जी ने किया। बैठक के दौरान संगठन की पिछली उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया और कमियों को सुधारने पर विशेष चर्चा हुई, ताकि संगठन को और अधिक गतिशील बनाया जा सके। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने संगठन की नियमावली साझा करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि कोई पत्रकार साथी निष्पक्ष होकर अपनी जिम्मेदारी निभाता है, तो संगठन उसके मान-सम्मान और सुरक्षा के लिए राज्य स्तर तक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। इस अवसर पर इजहार शाह, आलोक कुमार बरनवाल, पूरन सिंह, अतुल सिंह, अवधेश पांडे, पवन कुमार भारती, कैलाशपति मौर्य, शिव मूरत लोधी, दिनेश कुमार चौधरी, अजीत यादव, करीम मेहदावली, अब्दुल कयूम अंबर, के.सी. चौधरी, स्वतंत्र कुमार मिश्रा, प्रेम नारायण राय,रवि कुमार सिंह, विकास द्विवेदी, शुभम जायसवाल, राजकुमार वर्मा, बृजेश पाठक, दिगेंद्र श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, रफीक अहमद और धर्मेंद्र कुमार समेत बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर वीर सैनिकों को नमन

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** भारत में सर्वप्रथम 07 दिसंबर 1949 को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया था। इस दिवस का उद्देश्य युद्ध में बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों, सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों तथा उनके आश्रित परिवारों के कल्याण हेतु धन संग्रह कर उन्हें सहयोग प्रदान करना है।

देश की सीमाओं की रक्षा में हमारे सशस्त्र बलों के जांबाज जवान हर समय तत्पर रहते हैं। जब भी दुश्मनों ने भारत की ओर आंख उठाने का साहस किया है, हमारे बहादुर सैनिकों ने उनके हर नापाक इरादे को विफल कर दिया है। साथ ही शांतिकाल में बाढ़, भूकंप एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी सशस्त्र बलों का योगदान सराहनीय रहा है।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर देश का प्रत्येक नागरिक वीर सैनिकों की सेवाओं को स्मरण करते हुए उनके तथा उनके आश्रित परिवारों के कल्याण के लिए अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान देता है। इस अवसर पर एकत्र धनराशि का उपयोग शहीदों के परिवारों, युद्ध विधवाओं, दिव्यांग पूर्व सैनिकों एवं आश्रितों की देखभाल के लिए किया जाता है, जो राष्ट्र की उनके प्रति कृतज्ञता को दशार्ता है।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नौसेना) ए0के0 शर्मा, कमांडर रविन्द्र, सूबेदार मेजर (सेना मेडल) मुकेश कुमार द्वारा जिलाधिकारी श्रुति को झंडा प्रतीक लगाकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए अपनी ओर से आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।

# लक्सा पुलिस ने चौबीस घंटे में खोया बैंग को खोजकर किया सुपुर्द, बैग पाकर दिया धन्यवाद

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** साधना फाउंडेशन परिवार ने वाराणसी पुलिस एवं विशेष रूप से लक्सा थाने की तत्पर एवं संवेदनशील कार्यशैली के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त कियो सौरभ मौर्या के द्वारा बताया गया की लक्सा थाना क्षेत्र में निखिल प्रजापति का बैग ऑटो में छूट गया था जो लगभग 24 घंटे तक नहीं मिल पायो बैग में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उनकी आजीविका का प्रमुख साधन डीएसएलआर कैमरा भी रखा हुआ थो घटना की सूचना मिलते ही निखिल प्रजापति द्वारा लक्सा थाने में तहरीर दी गई तहरीर के उपरांत लक्सा पुलिस ने अत्यंत त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में बैग को ढूंढ निकाला और सुरक्षित रूप से निखिल



प्रजापति को सुपुर्द किया यह कार्रवाई वाराणसी पुलिस की दक्षता, जनसेवा भावना एवं गुड गवर्नेंस के प्रति प्रतिबद्धता का स्पष्ट उदाहरण है । साधना फाउंडेशन विशेष रूप से उप निरीक्षक शिवम यादव का धन्यवाद करता है जिन्होंने इस प्रकरण को गंभीरता से लेकर उत्कृष्ट प्रयास किए साथ ही ऑटो यूनियन के अध्यक्ष ईश्वर सिंह का भी सहयोग के लिए आभार प्रकट किया जाता है।

साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर सौरभ मौर्य ने कहा कि आज की उत्तर प्रदेश पुलिस, विशेषकर वाराणसी पुलिस, पुराने दौर की लचर व्यवस्था से बिल्कुल अलग है यहां की पुलिस वाराणसी की जनता के लिए हर समय तत्परता के साथ खड़ी रहती है और तब तक प्रयास करती है जब तक कि पीड़ित व्यक्ति को पूर्ण संतुष्टि न मिल जाए यही सुशासन और उत्तम प्रशासन की पहचान है।

बैग सुपुर्दगी के दौरान राष्ट्रीय मानव अधिकार कमीशन के राष्ट्रीय सचिव वेदांत प्रजापति तथा साधना फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम मौर्य उपस्थित रहे।

साधना फाउंडेशन परिवार वाराणसी पुलिस और लक्सा पुलिस टीम के समर्पित प्रयासों को नमन करता है और उनके उत्कृष्ट जनसेवा कार्य की सराहना करता है।

# गीताज्ञान एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिताओं में उमड़ा विद्यार्थीयों का उत्साह




**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी ।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित महामना विद्यालय में गीता जयंती एवं महामना जयंती के उपलक्ष्य में गीताज्ञान प्रतियोगिता, भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता और गीता श्लोक गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने बड़े उत्साह और उमंग से भाग लियो बच्चों के इस रुझान से उत्साहित होकर प्राधानाचार्या मीनू सिंह ने इसे महामना का विशेष कृपा प्रसाद बताया

महामना मालवीय स्मृति संस्कार पुस्तकालय नासिरपुर सुसवाही बीएचयू के समन्वय से आयोजित इन प्रतियोगिताओं के मुख्य संयोजक चीफ फार्मासिस्ट ऑफिसर एवं गीताज्ञान शिक्षक अखिलेश कुमार राय ने कहा कि हमारी नई पीढ़ी बहुत मेधावी और प्रतिभाशाली है उसे अपने मूल के बारे में जानने की रुचि है ये बच्चे ही भारत के भविष्य हैं इन्हें हर तरह से सबल और सशक्त बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है अतः इन प्रतियोगिताओं तथा अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें सही जानकारी प्रदान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# काशी की यात्रा मात्र एक गंतव्य तक पहुंचना नहीं है यह आत्मा की परमसत्ता से जुड़ने का अलौकिक अनुभव है: सौम्या महाराणा

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** धर्म और अध्यात्म की चिरंजीवी नगरी काशी में रविवार का दिन आस्था के शिखर पर रहा ओडिशा से पधारे एक श्रद्धालु दल ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में आकर दिव्य दर्शन-पूजन किया जिससे यहां की आध्यात्मिक आभा और भी प्रखर हो उठी ओडिशा के इस समूह में मुन्ना महाराणा, सौम्या श्री महाराणा, सुशांत महाराणा, शुभाश्री महाराणा और प्रवीण पांडेय जैसे प्रमुख भक्त शामिल थे उन्होंने बाबा विश्वनाथ के दरबार में शास्त्रोक्त विधि से रुद्राभिषेक एवं पूजन अर्चन कर राष्ट्र की एकात्मता, समृद्धि और सर्वजन कल्याण की मंगल कामना की।

अपने गहन अनुभव को साझा करते हुए सौम्या महाराणा ने कहा काशी की यात्रा मात्र एक गंतव्य तक पहुंचना नहीं है यह आत्मा की परमसत्ता से जुड़ने का अलौकिक अनुभव है यहां की प्रत्येक धड़कन में भोलेनाथ का स्पंदन मुखर रूप से महसूस होता है वहीं प्रवीन पांडे ने धाम के नव्य-भव्य स्वरूप के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि यह पुनरुद्धार भारतीय सनातन विरासत को विश्व पटल पर गौरवशाली पहचान दिला रहा है उनके अनुसार काशी का प्रत्येक घाट भक्ति के प्रकाश से आलोकित है।

दर्शनोपरांत, विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा पांडेय ने श्रद्धालुओं को काशी की अद्वितीय आध्यात्मिक गरिमा और सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया उन्होंने बल देकर कहा कि काशी सिर्फ एक तीर्थ नहीं बल्कि यह हमारी सनातन संस्कृति की प्राण चेतना है जहां की गलियों में प्राचीन परंपराएं जीवंत हैं और प्रत्येक देवालय में भक्ति का निर्झर बहता है इस पवित्र अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा पांडेय के साथ विश्व हिंदू रक्षा परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश मौर्या भी उपस्थित रहे ।

संपूर्ण कार्यक्रम का वातावरण गहरी श्रद्धा, भक्तिमय ऊर्जा और राष्ट्रीय सम्मान की भावना से सराबोर रहा अंत में 'हर हर महादेव' के तुमुल घोष से समूची काशी नगरी गुंजायमान हो उठी।

# पुलिया क्षतिग्रस्त होने से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं, जिम्मेदार अधिकारी बेखबर

**गुरसरांय(झांसी)।** विकासखंड बामौर अंतर्गत ग्राम सिया भौवई मार्ग पर जाने वाले मार्ग पर पुलिया टूटी हुई है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है और हादसे का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में विकास तिवारी ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी झांसी को भी समस्या से अवगत कराया है।

स्थानीय निवासियों, जिनमें दिनेश विश्वकर्मा, रामलोचन यादव, धर्मेंद्र कुशवाहा, मोंटी विश्वकर्मा, गजेंद्र यादव अभिषेक, नीरज कुशवाहा, अजय पाल, शाहिद खान, अमित पाल, हरिश्चंद्र आर्य, जितेंद्र नामदेव सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं, ने बताया कि यह रेलिंग पिछले छः माह से टूटी पड़ी



है। उनकी शिकायत है कि संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस मार्ग से काफी संख्या में दो पहिया व बड़े वाहन प्रतिदिन गुजरते है।

# योगी आदित्यनाथ सरकार ने रचा इतिहास, तीन लाख इंस्टॉलेशन का रिकॉर्ड

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और स्पष्ट नीति निर्देशन का ही परिणाम है कि राज्य में सौर ऊर्जा के तीन लाख इंस्टॉलेशन (3,00654) का लक्ष्य पार कर लिया है। उत्तर प्रदेश ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जो उपलब्धि हासिल की है वह ऐतिहासिक है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी सौर राज्यों में शामिल करती है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस मामले में गुजरात और महाराष्ट्र ही उत्तर प्रदेश से आगे हैं ।

आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 983915 आवेदनों में से 300654 इंस्टॉलेशन पूरे किए जा चुके हैं। राज्य में सौर ऊर्जा की कुल इंस्टॉलेशन क्षमता 1038.27 मेगावॉट तक पहुंच चुकी है जिससे लाखों परिवारों को स्वच्छ और किफायती ऊर्जा प्राप्त हो रही है। पिछले 8 वर्षों में योगी आदित्यनाथ सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सोलर रूफटॉप की पहुंच बढ़ाने के लिए पारदर्शी प्रक्रिया डिजिटल मॉनिटरिंग और समयबद्ध इंस्टॉलेशन पर विशेष जोर दिया गया है। पीएम सूर्यघर योजना और राज्य की नई सौर नीति के जरिए बड़े पैमाने पर अवसंरचना तैयार की गई जिसने ऊर्जा क्षेत्र में विश्वास और सरलता का नया माहौल बनाया है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा की यह तेज प्रगति आने वाले वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। मौजूदा 1038.27 मेगावॉट क्षमता न सिर्फ बिजली की मांग को संतुलित कर रही है बल्कि अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है। इसका लाभ उद्योगों कृषि और घरेलू उपभोक्ताओं को समान रूप से मिल रहा है जिससे प्रदेश की आर्थिक गति और तेज हो रही है। इस उपलब्धि का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है। सोलर इंस्टॉलेशन से गांवों में बिजली बिलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज हुई है। कई परिवार अतिरिक्त ऊर्जा ग्रिड को बेचकर सालाना आय भी बढ़ा रहे हैं। यही वजह है कि सौर ऊर्जा के लिए आवेदन संख्या लगातार बढ़ रही है और उत्तर प्रदेश देश के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी बाजारों में तेजी से उभर रहा है। सरकारी आंकड़ों और जमीनी स्थितियों से यह स्पष्ट होता है कि योगी आदित्यनाथ सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में गति और पारदर्शिता दोनों को प्राथमिकता दी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि तीन लाख इंस्टॉलेशन का लक्ष्य पार करना केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि यह उस नए ऊर्जा ढांचे का प्रतीक है जिसकी ओर उत्तर प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण के तीनों मोर्चों पर उत्तर प्रदेश ने जो उपलब्धि दर्ज की है वह आने वाले वर्षों में देश के नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# एस.आर.एम. में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 का आयोजन 8 दिसंबर से शुरू

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 का भव्य आयोजन एस.आर.एम. दिल्ली एन.सी.आर. कैंपस में 8 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए डीन डॉ आर पी महापात्रा एवं डीन आई क्यू ए सी डा धोमया भट्ट ने बताया कि एस.आर.एम. इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली एन.सी.आर. कैंपस, गाज़ियाबाद को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 – सॉफ़्टवेयर एडिशन के राष्ट्रीय ग्रैंड फि नाले के लिए देशभर के 60 नोडल सेंटर्स में से एक के रूप में चयनित किया गया है। एस.आर.एम. अपने अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे, उत्कृष्ट तकनीकी वातावरण और छात्रों में नवाचार को प्रोत्साहित करने वाली शैक्षणिक संस्कृति के लिए देशभर में विख्यात है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में 25 टीमों के कुल 150 छात्र-छात्राएँ भाग ले रहे हैं।

प्रतिभागी विभिन्न मंत्रालयों, उद्योगों और संगठनों द्वारा प्रदान की गई वास्तविक समस्याओं पर आधारित चुनौतियों का समाधान तैयार करने के लिए लगातार 36 घंटे तक कार्य करेंगे। एस.आर.एम. की आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया है तथा उन्हें आवास, कार्यस्थल, तकनीकी सहायता, सुरक्षा और भोजन सहित सर्वोत्तम श्रेणी की सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि वे अपने नवाचार कार्य पर पूर्ण रूप से केंद्रित रह सकें।

कार्यक्रम के मूल्यांकन हेतु डी.एस.टी., डी.आर.डी.ओ. तथा अन्य प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञ जूरी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। ये विशेषज्ञ प्रतिभागियों के प्रस्तुत समाधानों का मूल्यांकन तकनीकी गुणवत्ता, नवाचार, उपयोगिता और व्यावहारिकता के आधार पर करेंगे। ग्रैंड फि नाले 8 और 9 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र 8 दिसंबर को प्रातः 8:00 बजे प्रारंभ होगा। इस अवसर की मुख्य अतिथि श्रीमती ममता वेंकटेश, वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड, स्टार्टअप इंडिया (ऊढककळ), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, होंगी। 36 घंटे का यह सतत हैकाथॉन छात्रों की रचनात्मक सोच, समस्या-समाधान क्षमता, टीम वर्क तथा तकनीकी कौशल को नए आयाम प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम न केवल नवाचार को बढ़ावा देता है, बल्कि सरकार, शिक्षा जगत और उद्योगों के बीच सहयोग को भी मजबूत करता है।एस.आर.एम. का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें भविष्य के प्रभावी तकनीकी समाधान विकसित करने हेतु एक प्रेरणादायी एवं सशक्त मंच प्रदान करना है।

# शिक्षा स्कूल का वार्षिकोत्सव रिदम- 2025 हुआ संपन्न



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल निवाड़ी में वार्षिक महोत्सव रिदम 2025 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ मंजू सिवाच, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली, निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी, एस एच ओ निवाड़ी जयपाल सिंह रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता व स्कूल चेयरमैन नीरज त्यागी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विभिन्न राज्यों के नृत्य, पर्यावरण जागरूकता को लेकर नाट्य प्रस्तुति, अलग-अलग राष्ट्र के अध्यक्षों की स्पीच आदि के माध्यम से स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा की अभिव्यक्ति की जिसकी सभी ने सराहना की।

विधायक मंजू सिवाच ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा की एक अच्छे स्कूल का लाभ पूरे क्षेत्र को मिल रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों ने स्कूल मैनेजमेंट को बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के चेयरमैन नीरज त्यागी ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया जाता है और आज देश के अग्रणी संस्थानों में प्रवेश पाकर बच्चे पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर बिंदु त्यागी, प्रधानाचार्य अनुभूति सिंह, कोर्डिनेटर डिंपल नैयर, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र त्यागी, शिक्षकगण, अभिभावक गण आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहब डा़ अम्बेडकर का 69 वाँ परिनिर्वाण दिवस मनाया

**अलीगढ़।** लॉर्ड बुद्धा एजुकेशनल सोसाइटी जिला यूनिट अलीगढ़, द्वारा ग्राम फरीदपुर में बाबा साहब ड़ा बी,आर अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 69वाँ परिनिर्वाण दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता श्रद्धेय छोटेलाल ने और संचालन श्रद्धेय रनजीत सिंह बौद्ध ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत बुद्ध वंदना के साथ की गई। मुख्य अतिथि श्रद्धेय पूरन सिंह ने बाबा साहब अंबेडकर को याद करते हुए कहा कि आज समाज में जो भी परिवर्तन दिखाई दे रहा है वह बाबा साहब अम्बेडकर की देन है।

मुख्य वक्ता श्रद्धेय दिनेश कुमार एडवोकेट ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष उनके त्याग और बलिदान तथा समाज और देश के लिए किए गए अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला, विशिष्ट अतिथि श्रद्धेय संजय सिंह ने संविधान का पालन व सम्मान करने की बात कही।

# दयावती मोदी पब्लिक एकेडमी का वार्षिकोत्सव व खेल दिवस समारोह आयोजित हुआ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** दयावती मोदी पब्लिक एकेडमी का 26वां वार्षिकोत्सव व खेल दिवस समारोह में विदेशी मेहमानों ने शिरकत की। नन्हे -मुन्ने के रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने समां बांधा।

दयावती मोदी पब्लिक अकादमी का 26 वां वार्षिकोत्सव व खेल दिवस समारोह लक्ष्मी नारायण मंदिर( मोदी मंदिर) के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती आभा मोदी व विद्यालय के संरक्षक श्री सतीश कुमार मोदी ,श्रीमती टीना, मार्क गोल्डस्टोन( न्यूयॉर्क) एवं विशिष्ट अतिथि रॉयल ड्राइंग स्कूल लंदन के प्रसिद्ध आर्टिस्ट प्रो0 एलिस लोखार्ड, प्रो0 मेडेलिन वूड, प्रो0वेरोनिका पीट एवं प्रो0 मैकडॉनल्ड रहे रॉयल ड्राइंग स्कूल लंदन के पांच प्रोफेसर इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन मोदीनगर में फाइन आर्ट के छात्र छात्रों को अध्यापन (पढ़ाने) हेतु आए हुए हैं। सर्वप्रथम स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती हेमा अरोड़ा ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को भारतीय परंपरा के तहत उनका टीकाकरण कर एवं ट्रॉफी देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की सीनियर शिक्षिका श्रीमती अलका चौधरी ने किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंग बिरंगी परिधान पहनकर मंत्र मुग्ध करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए।विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का सुंदर प्रदर्शन किया तथा उनमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं के लिए अभिभावकों एवं दर्शकों ने तालियां बजाकर उनके हौसले बुलंद किए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतियोगी विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मेडल पहनकर व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य लच्छीराम शर्मा, आलोक सिंघल,हरीश कुमार, डॉ. संघर्ष शर्मा, प्रदीप कुमार, जितेंद्र मिश्रा, भौतेंद्र कुमार,अमित बंसल, उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती हेमा अरोड़ा ने समस्त अध्यापकों एवं कर्मचारियों के सहयोग का आभार प्रकट किया ।

# नींव द स्कूल में भव्य वार्षिक समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नींव द स्कूल में एक भव्य वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था -सारथी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मंजू शिवाच विधायक मोदीनगर , अभिषेक जायसवाल सिविल जज बस्ती विनोद वैशाली चेयरमैन मोदीनगर एवं आनंद मिश्रा इंस्पेक्टर थाना मोदीनगर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मैनेजमेंट कमेटी के माननीय सदस्य राम किशोर अग्रवाल ,जगदीश प्रसाद गुप्ता अमित अग्रवाल, प्रमोद कंसल, अरविंद अग्रवाल, डॉ आर सी गुप्ता, अरविंद जिंदल गिन्नी गुप्ता , हिमांशु अग्रवाल , डायरेक्टर जनरल डॉक्टर अपर्णा शर्मा एवं वाइस प्रिंसिपल रोमी शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि एवं मैनेजमेंट कमेटी के माननीय सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने हमारे जीवन में सारथी की भूमिका निभाने वाले हर पात्र जैसे किताबें ,माता-पिता, समय ,मित्र ,देश के जवान और किसान आदि को अपनी भव्य प्रस्तुति द्वारा दर्शकों को दिखाया।

इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी नृत्य कला गायन वादन कला का भरपूर एवं मनोरंजन प्रदर्शन किया। सभी के लिए यह कार्यक्रम यादों का एक भरपूर मेला बन गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरस्करित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ मंजू शिवाच ने छात्र-छात्राओं , स्कूल के सभी शिक्षक एवं मैनेजमेंट को इस भव्य सफल कार्यक्रम के लिए बधाइयां दी। नींव द स्कूल आशा करता है कि इस कार्यक्रम से सभी छात्र-छात्रा यह सीखे कि हमारे जीवन में हर एक सारथी की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है वह सभी इनका सम्मान करेंगे एवं इसे मार्गदर्शन लेकर जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।

# 44 वी सीनियर उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का समापन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** 44 वी सीनियर उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का समापन एच.आर.आई.टी यूनिवर्सिटी, मेरठ रोड गाजियाबाद में संपन्न हुआ। परिणाम इस प्रकार रहे। बालक वर्ग के फाइनल में मेरठ ने सहारनपुर को 21 -15, 21- 19 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया सहारनपुर द्वितीय तथा गाजियाबाद तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार बालिका वर्ग में गाजियाबाद ने आजमगढ़ को 23-21, 21-11 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

वाराणसी की टीम तृतीय स्थान पर रही। सभी स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को आज के मुख्य अतिथि माननीय डॉ अनिल अग्रवाल पूर्व सांसद अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन और अजय प्रमुख प्रदेश अध्यक्ष शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश ने विजेता टीम को रुपए 7000 व ट्रॉफी, उप विजेता टीम को रुपए 5000 व ट्रॉफी ,तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीम को रुपए 3000 व ट्रॉफी प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रविंद्र तोमर महामंत्री इंटरनेशनल शूटिंग बॉल फेडरेशन ने की, अमरजीत बिडडी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ राष्ट्रीय लोकदल, मदनपाल सिरोही, हुकम सिंह पुंडीर, रणवीर सिंह अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया ।अंत में शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के महासचिव जीतराज तोमर ने सभी का धन्यवाद किया।

# महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में चिकित्सा शिविर लगाया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** बीबीडीआईटी कॉलेज से चिकित्सा टीम द्वारा महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज सीकरी कला में स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया गया। जिसमें टीम द्वारा बच्चों तथा अध्यापक अध्यापिकाओं का बीपी शुगर वेट आदि का परीक्षण किया गया। बीबीडीआईटी कॉलेज से सर्वेक्षण टीम में डॉक्टर सुमित सक्सेना ,विशाखा चौधरी पूजा चौधरी तथा पुष्पेंद्र जी ने बच्चों का चेकअप किया। कॉलेज के अध्यक्ष समय सिंह सिसोदिया एवं प्रधानाचार्य गौरव शर्मा ने बताया कि कॉलेज में समय-समय पर चिकित्सा शिविर लगाए जाते हैं ताकि बच्चों तथा अध्यापक अध्यापिकाओं के स्वास्थ्य की जांच होती रहे और उन्हें स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी स्वास्थ्य को कैसे बेहतर बनाया जाए डॉक्टर द्वारा दी जाती है।

## ब्लाक लखावटी की छः और ब्लाक अगौता की बारह बालिकाओं के हुए सामूहिक विवाह

वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत रविवार को स्नेहा गार्डन बुलंदशहर में आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक लखावटी की छः और ब्लाक अगौता की बारह बालिकाओं के विवाह संपन्न हुए। अधिकारियों ने नव विवाहित वर वधू को सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

स्नेहा गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक लखावटी के ग्राम अडौली की पूजा और गुंजन, जनौरा की प्रभा ,चरौरा मुस्तफाबाद की हिमांशी, जिताका की नीशु तथा शेखपुर गढ़वा की रश्मि का विवाह संपन्न हुआ। खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा, ए डी ओ समाज कल्याण गौरव कुमार, ग्राम पंचायत सचिव राजवीर सिंह सुमित प्रताप सिंह अंकित सैनी जयंत चौधरी अतुल कुमार गौरव सैनी आदि ने अपनी शुभकामनाएं दीं।

ब्लाक अगौता की नेहा, मोनिका, गीता, पूजा रानी,निशा,सरिता, कुमकुम,प्रीति ,छमा,सपना, पूनम तथा नीतू रानी के विवाह संपन्न हुए। खंड विकास अधिकारी राजीव गौतम जूनियर इंजीनियर विशंभर शर्मा, सहायक खंड विकास अधिकारी समाज कल्याण हिमांशु गुप्ता, सचिव अरविंद यादव रोहित ढाका रुपेंद्र सिसोदिया तेज प्रताप सिंह एवं रेखा आदि ने नव विवाहित वर वधू को सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

## पुलिस अधीक्षक देहात द्वारा थाना पहासू का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया

**बुलंदशहर।** शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 तेजवीर सिंह द्वारा थाना पहासू का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान शस्त्रागार, मालखाना, मैस, कार्यालय आदि सहित आवासीय परिसर, बैरक का निरीक्षण किया गया।

# भाजपा में कार्यकर्ता से नेतृत्व तक का हर रास्ता खुला

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद**। लोकतंत्र को मजबूत आधार देने के लिए संचालित एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान को गति देने हेतु रविवार को कविनगर स्थित जानकी सभागार, रामलीला मैदान में भाजपा महानगर इकाई की भव्य बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम्‌के साथ हुआ। संचालन बॉबी त्यागी ने किया। सभागार कार्यकताओं से खचाखच भरा रहा। इस विशेष बैठक में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ प्रदेश महामंत्री एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी सुभाष यदुवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी, जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह, सांसद अतुल गर्ग, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, विधायक संजीव शर्मा, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में सभी मोर्चों के कार्यकताओं ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया। महिला मोर्चा संयोजिका अनिता शर्मा ने महिला कार्यकताओं के साथ तिलक-वंदन किया। महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, बृजभूषण पंडित और सुनील शर्मा ने उपमुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही वह पार्टी है जहां अंतिम पंक्ति का कार्यकर्ता भी परिश्रम और संगठन के लिए समर्पण के बल पर शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच सकता है। भाजपा अवसर परिवारवाद से नहीं, बल्कि योग्यता और राष्ट्रसेवा से देती है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि अन्य दलों में नेतृत्व परिवारों की 'ड्राइंग रूम बैठकों में तय होता है, जबकि भाजपा में संगठन का समर्पित कार्यकर्ता नेतृत्व तक पहुंच सकता है। हर कार्यकर्ता को 12 घरों की जिम्मेदारी मिली है। हमें वास्तविक मतदाताओं का सत्यापन कर मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध करना है। विपक्ष नकली वोटों पर राजनीति करना चाहता है, जबकि भाजपा पारदर्शी और निष्पक्ष मतदाता सूची के लिए प्रतिबद्ध है। सभा की प्रस्तावना करते हुए महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि एसआईआर केवल अभियान नहीं, यह लोकतंत्र का महायज्ञ है। भाजपा कार्यकर्ता इसकी रीढ़ हैं। हमारा लक्ष्य सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि निष्पक्ष, स्वच्छ और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार करना है। जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह ने कहा कि गाजियाबाद एसआईआर अभियान का परिणाम आधारित मॉडल प्रस्तुत करेगा। उन्होंने उपमुख्यमंत्री और सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी ने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति वही बूथ स्तर का कार्यकर्ता है जो राष्ट्रहित में कार्य करता है। स्ढ्रक्र संगठनात्मक प्रतिबद्धता का प्रतिरूप है। एसआईआर अभियान हमारी जिम्मेदारी और राष्ट्र-कर्तव्य का प्रतीक है। इसे पूर्ण निष्ठा से पूरा किया जाना चाहिए। स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि गाजियाबाद अनुशासन और संगठन का आदर्श मॉडल है। एसआईआर में भी यह श्रेष्ठता सिद्ध करेगा। सांसद अतुल गर्ग ने कहा भाजपा में कार्यकर्ता ही संकल्प और सफलता के वाहक हैं। आपकी मेहनत प्रदेश की राजनीतिक दिशा निर्धारित करती है। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने दोहराया कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जहां कार्यकर्ता अपनी योग्यता के आधार पर आगे बढ़ सकता है। अन्य दलों में परिवारवाद राजनीति की कसौटी है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा भाजपा में पद से अधिक महत्व कार्यकर्ता की पहचान और उसके व्यक्तित्व का है। स्ढ्रक्र हमारी विचारधारा का जमीनी स्वरूप है। बैठक के अंत में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह ने मंडल अध्यक्षों को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के हाथों सम्मानित कराया। इसके बाद धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया गया।

## साइबर धोखाधड़ी: हेड कांस्टेबल के खाते से 1.35 लाख रुपये गायब

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद**। टीला मोड़ थाना क्षेत्र में हिंडन हवाई अड्डे पर तैनात एक हेड कांस्टेबल के बैंक खाते से साइबर जालसाजों ने 1.35 लाख रुपये निकाल लिए। हेड कांस्टेबल ने बताया कि उनके मोबाइल फोन को हैक करके यह धनराशि उनके खाते से गायब कर दी गई। इसके अलावा, साइबर अपराधियों ने एटा में तैनात एक सब-इंस्पेक्टर के खाते से भी 45 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए।

इस मामले में सब-इंस्पेक्टर अब हेड कांस्टेबल पर पैसे वापस करने का दबाव बना रहे हैं। दो महीने की देरी के बाद पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। हेड कांस्टेबल रवीश कुमार ने बताया कि 6 सितंबर की सुबह लगभग 4:45 बजे उनके मोबाइल फोन पर खाते से 10,000 रुपये निकाले जाने का संदेश आया। उस समय उनका फोन और एटीएम कार्ड उनके पास था और उन्होंने कोई लेन-देन नहीं किया था। इसके बाद सुबह लगभग 6:20 बजे तक उनके दोनों बैंक खातों से 12 अलग-अलग लेन-देन में कुल 1.35 लाख रुपये निकाल लिए गए। उन्होंने तुरंत अपने खाते को फ्रीज करने की कोशिश की, लेकिन घबराहट के कारण प्रक्रिया में बाधा आ गई। रवीश कुमार ने बताया कि उन्होंने तुरंत साइबर जांच टीम को सूचना दी। इसके बाद अधिकारियों से कई बार केस दर्ज करने का अनुरोध किया गया, लेकिन हर बार जांच की बात कहकर मामले को टाल दिया गया। इस दौरान यह पता चला कि उसी साइबर अपराधी ने एटा में तैनात सब-इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह के खाते से 45,000 रुपये निकालकर अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए थे। हालांकि, अपराधी ने उसी दिन जमा हुए धनराशि को तुरंत निकाल लिया।

## सोसायटी पार्किंग में खड़ी कार से 50 हजार रुपये गायब, पुलिस जांच में जुटी


वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद**। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सोसायटी में उस समय हड़कंप मच गया जब पार्किंग में खड़ी कार से 50 हजार रुपये गायब पाए गए। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने सिक्योरिटी गार्ड की पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वसुंधरा सेक्टर-7 निवासी रीमा ने बताया कि पांच दिसंबर को उनकी कार सोसायटी की पार्किंग में खड़ी थी। रोज की तरह सिक्योरिटी गार्ड की पत्नी गुड्डी कार की सफाई के लिए आई थी। उसी दौरान कार में रखा 50 हजार रुपये से भरा पैकेट भी मौजूद था, जिसे वह जल्द ही बैंक में जमा कराने वाली थीं। रीमा का कहना है कि जब उनके पति कुछ देर बाद कार के पास पहुंचे, तो देखा कि कार का दरवाजा खुला हुआ है और पैकेट में रखे 50 हजार रुपये गायब हैं। पैसे न मिलने पर परिस्थितियों के आधार पर संदेह स्वाभाविक रूप से गुड्डी पर गया, क्योंकि उसी ने कार को आखिरी बार साफ करने के लिए खोला था। जब गुड्डी से इस बारे में पूछताछ की गई तो, पीड़िता के अनुसार, वह न केवल आक्रामक हो गई बल्कि अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें धमकी देकर वहां से चली गई। इसके बाद पीड़ित परिवार थाने पहुँचा और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्राथमिक जांच में आरोपों की सत्यता की पड़ताल की जा रही है। जल्द ही आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी, ताकि घटना की वास्तविकता स्पष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी।

## पुलिस आयुक्त जे. रविंद्र गौड ने थाना विजयनगर का किया निरीक्षण

इंद्रेश शर्मा, गाज़ियाबाद,

पुलिस आयुक्त गाज़ियाबाद , जे. रविंद्र गौड ने दिन रविवार को थाना विजयनगर का निरीक्षण कर जनसुनवाई, महिला सुरक्षा, अभिलेखों, सीसीटीएनएस और मिशन शक्ति केंद्र सहित सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी को नियमित जनसुनवाई करने, शिकायतकताओं से मृदुल व्यवहार रखने और सभी शिकायतों पर त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर रितेश त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। महिला शिकायतों को प्राथमिकता देने, सीसीटीवी कैमरों को पूर्ण रूप से चालू रखने, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा आगन्तुकों के प्रतीक्षालय को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया। पुलिस आयुक्त ने लंबित विवेचनाओं को समयबद्ध रूप से निस्तारित करने और अभिलेखों एवं मालखाने को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। गाजियाबाद पुलिस आयुक्त ने कहा कि वह जनहित में अपनी कार्यशैली को और अधिक पारदर्शी व संवेदनशील बनाने के लिए लगातार कार्यरत है।



## तीन पंचायतों में बनेगा आधुनिक पंचायत भवन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और नागरिक सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचायती राज विभाग ने जिले की तीन पंचायतों में आधुनिक पंचायत भवन बनाने की योजना शुरू कर दी है। प्रत्येक पंचायत भवन के निर्माण के लिए 18 लाख रुपये का बजट दिया गया है। इन पंचायत भवनों में ग्राम प्रधान का कार्यालय, सचिव कक्ष, पुस्तकालय और अन्य सुविधाएं शामिल होंगी। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुविधाएं देने के लिए अलग-अलग स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद की तीन पंचायतों को बेहतर बनाने और उनमें आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए पंचायत भवन निर्माण की कवायद शुरू कर दी गई है। इस वर्ष पंचायत भवन बनने से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं में आवेदन करने, प्रमाणपत्र बनवाने और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। निमार्णाधीन पंचायत भवनों में भोजपुर विकासखंड की शकुरपुर, और बहीं लौनी विकासखंड की निठौरा और बिरोरा सलेमपुर पंचायत शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इन तीन ग्राम पंचायतों में भवन निर्माण कार्य पूरा कर ग्रामीणों के लिए सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा। पंचायत भवन में पुस्तकालय और इंटरनेट की सुविधा भी होगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और छात्रों को पढ़ाई करने के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराना है। इंटरनेट के माध्यम से छात्र ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, ई-शिक्षा और सरकारी पोर्टल का लाभ ले सकेंगे। इस सुविधा से ग्रामीण युवाओं को आधुनिक तकनीक के सहारे अध्ययन में मदद मिलेगी।

## आईटीएस कॉलेज में माता की चौकी का दिव्य और भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। मुरादनगर स्थित आईटीएस कॉलेज में इस वर्ष भी माता की चौकी का भव्य और आध्यात्मिक आयोजन पूरे श्रद्धाभाव के साथ किया गया। सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों, नव प्रवेशित छात्रों, उनके परिजनों और कॉलेज परिवार के लगभग 2000 से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यह भक्ति महोत्सव दिव्य वातावरण बनाता रहा। आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस बार भी अत्यंत सफल और यादगार सिद्ध हुआ। पूरे परिसर को भक्ति रंग से सजाया गया था और संस्थान का विक्रम साराभाई ऑडिटोरियम दिव्य पंडालों, अलौकिक सजावट और मनमोहक झांकियों से जगमगा उठा। मां दुर्गा के भव्य दरबार के साथ-साथ माँ वैष्णो, श्री गणेश, भगवान शिव, श्री राधा-कृष्ण, भगवान राम और हनुमान जी की आकर्षक और अलौकिक मूर्तियों की स्थापना ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। चारों ओर भजन, दीपों की रोशनी और धूप-अगरबत्ती की सुगंध से वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक हो उठा। माता की चौकी के दौरान भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों 'चलो बुलावा आया है,ज 'तूने मुझे बुलाया शेरावालिये,ज 'पौड़ी-पौड़ी चढ़ता जा 'ने सभी उपस्थित भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। पूरे ऑडिटोरियम में 'जय माता दीज के जयकारे लगातार गूंजते रहे और कॉलेज का प्रत्येक कोना श्रद्धा और उत्साह से आलोकित हो उठा। चौकी के समापन पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों, परिजनों, स्टाफ और अतिथियों ने मिलकर मां की भव्य आरती में हिस्सा लिया। आरती के पश्चात माता का प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद सभी भक्तों ने संस्थान द्वारा आयोजित रात्रि भोजन (भंडारा) का आनंद लिया। भोजन में विद्यार्थियों और कर्मचारियों के परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## गोवा हादसे के बाद 31 भीड़भाड़ वाले प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा का व्यापक निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित एक नाइट क्लब में हाल ही में हुई दर्दनाक अग्नि दुर्घटना, जिसमें दर्जनों लोगों की जान चली गई, ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद उत्तर प्रदेश में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी सिलसिले में अपर पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश लखनऊ तथा पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद के निदेर्शानुसार शहर के क्लब, बार, रेस्टोरेंट, मॉल और भीड़ वाले प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा की सघन जांच शुरू कर दी गई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में रविवार को गाजियाबाद के 31 प्रमुख स्थलों पर व्यापक निरीक्षण किया गया। इनमें गौर सेंट्रल मॉल आरडीसी राजनगर, बार्बी क्यू नेशन, स्काई हाउस रेस्टोरेंट एंड बार, हल्दीराम, हिट एंड पिंट, फूड वर्कशॉप, रिबाउंड कैफे एंड लाउंज, होटल एडीआर, द वॉक (गूजबम्प्स), व्यू बाय ड्यूटी फ्री, जैक एंड ग्रिल, एंजल मॉल कौशांबी के कई बार और कैफे, शाप्रिक्स मॉल, तथा हैबिटेट सेंटर इंदिरापुरम के कई रेस्टोरेंट और बार शामिल थे। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन अधिकारियों ने स्थापित अग्निशमन उपकरणों की गहन जांच की और कर्मचारियों से उन्हें चलवाकर उसकी कार्यस्थिति भी परखी। कई प्रतिष्ठानों पर मौजूद निकास मार्गों को अवरोध मुक्त कराते हुए यह सुनिश्चित कराया गया कि आकस्मिक स्थिति में लोगों को पलायन में कोई बाधा न आए। सभी प्रतिष्ठानों को निर्देश दिया गया कि निकास मार्गों पर किसी प्रकार का सामान न रखा जाए और सभी फायर सिस्टम हमेशा ऑटो मोड पर कार्यरत रहें। निरीक्षण के बाद मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने कहा कि गोवा की घटना ने हम सबको चेताया है कि भीड़भाड़ वाले स्थानों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई लापरवाही घातक हो सकती है।

## वैशाली में भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। वैशाली सेक्टर-2 स्थित राम वाटिका में रविवार को नारायण भक्ति ज्ञान सत्संग मंडल द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ भक्तिमय माहौल में कलश यात्रा के साथ किया गया। सुबह से ही क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। कलश यात्रा सेक्टर-2 से प्रारंभ होकर सेक्टर-1 होते हुए पुनः राम वाटिका स्थित कथा स्थल पर पहुँची। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया, जिससे वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया।

कलश यात्रा में 700 से भी अधिक महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सहभागी होकर इसे भव्य स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल, पार्षद गौरव सोलंकी, पूर्व पार्षद शिवानी सोलंकी, सुभाष शर्मा, अशोक वर्मा, नरेंद्र वर्मा, सुभाष सिंह, अवधेश कटियार, शिव शंकर उपाध्याय, श्यामवीर भदोरिया, योगेश शर्मा, पवन गुप्ता, प्रदीप सिसोदिया, अशोक गुप्ता, मिथिलेश भदोरिया, गीता गुप्ता, कैलाश गोयल, दिनेश शर्मा, एस.के. दुबे, विमला भट्ट, सीमा नेगी, रामस्वरूप खंतडवाल, दिवाकर मिश्रा, घनश्याम गुप्ता, विनोद त्रिपाठी, दिनेश बिष्ट, ए.के. सिंह, वीर सेन मित्तल, राम अवतार यादव, संतोष कुमार सिंह, दीपक गुप्ता, जे.के. सोनी, प्रहलाद सिंह, मुकेश गौतम, बिजी सिंह, योगेश शर्मा, पी.के. तुली, एस.के. उपाध्यक्ष, अनिल एडवोकेट, पवन गोयल, अनीता अग्रवाल, पूजा गोयल, पुष्पा गोयल, राममूर्ति अग्रवाल, नीलम खंडवाला, तृप्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

## निगम ने हटाए कूड़ा घर, मार्केट एरिया में लगाए जागरूकता बोर्ड

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने अपने स्वच्छता अभियानों को और तेज कर दिया है। प्रतिबंधित प्लास्टिक पर रोक, गंदगी फैलाने पर जुमार्ना और कूड़ा घर विलोपित कर साफ-सुथरे बाजार क्षेत्र विकसित करने के उद्देश्य से निगम की टीमें पांचों जोन में लगातार दिन-रात अभियान चलाए हुए हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर विशेष तौर पर मार्केट एरिया को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए व्यापक कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत रविवार को आरडीसी राजनगर सहित कई माकेटों में पुराने कूड़ा घर हटाकर उनकी जगह जन-जागरूकता बोर्ड लगाए गए हैं। इन बोर्डों पर साफ-सफाई, कूड़ा प्रबंधन और शिकायत निवारण संबंधी सम्पूर्ण जानकारी अंकित है। नगर निगम द्वारा बताया गया कि कुछ स्थानों पर लोगों की आदत के कारण बार-बार कूड़ा फेंके जाने की शिकायतें मिल रही थीं। ऐसे सभी स्थलों पर कूड़ा घरों को हटाते हुए स्थाई समाधान विकसित किए गए हैं। साथ ही स्थानीय व्यापारियों और बाजार समितियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शहरवासियों के लिए 311 एप और हेल्पलाइन 18001803012 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने और कूड़ा निपटान सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराना भी आसान बनाया गया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि स्वच्छता अभियान अब केवल जागरूकता तक सीमित नहीं, बल्कि कठोर कार्रवाई के साथ लागू किया जा रहा है। प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग और गंदगी फैलाने पर लगातार चालान किए जा रहे हैं।